इंदौर
गुरुवार
5 नवंबर 2026
वर्ष- 22 • अंक 142

दोपहर दैनिक

सिटी ब्लास्ट

स्कैन करें, ई-पेपर पढ़ें

मूल्य 2 रुपए • पृष्ठ 12

निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

epaper.cityblast.in

ट्रंप की हार से क्रैश हुआ तेल शेयर बाजार में फूटे पटाखे

सोना चांदी भी तेज

गुरुवार ● एजेंसी

अमेरिका के मिड टर्म चुनाव में ट्रंप की पार्टी की हार का असर बाजार पर पड़ा। कच्चा तेज देखते ही देखते क्रैश हो गया। ट्रंप की हार के बाद आज भारतीय शेयर बाजार भी बम-बम हो गया। एक तरह से शेयर बाजार में आज जमकर पटाखे फूटे। 1600 अंक से ज्यादा की छलांग के साथ सेंसेक्स ओपन हुआ। इसी तरह निफ्टी में भी 400 अंक से ज्यादा का उछाल आया। ट्रंप टीम की हार के बाद सोना-चांदी में भी तेजी का असर दिखाई दिया। चांदी और सोना कल के बाद आज भी तेज दिखाई दिया। आज सुबह चांदी 1 लाख 90 हजार 250 एवं सोना 1 लाख 45 हजार 700 एमसीएक्स पर पहुंच गए।

दिवाली पर अयोध्या-मथुरा-काशी को उड़ाने की धमकी

अयोध्या.एजेंसी। अयोध्या कोर्ट की ईमेल आईडी पर एक धमकी भरा मेल आया। इस मेल में धमकी दी गई कि 8 नवंबर पर काली दिवाली होगी। अयोध्या, वाराणसी और मथुरा में धमाके होंगे, जो 27 नवंबर तक लगातार होते रहेंगे। वाराणसी के स्कूलों को भी बम से उड़ाने की धमकी दी गई। यह धमकी खालिस्तानी संगठन के नाम से दी गई है।

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
Rajat Laddha
98260 38420

itc INDORI Turf & Cafe
CRICKET FOOTBALL CAFE B DAY PARTY NITTY PARTY
BEST PLACE FOR ALL TOURNAMENTS & EVENTS
CAT Road, Indore • Contact : 98260 38420, 94250 55757

Nandanvan
RESTAURANT • PARTY LAWN • RESORT
Best place for Micro Events, Kitty Party, Birthday Party
Behind Annapurna Road Talab, Indore

P3 PICKLEBALL ARENA
Pickleball Arena
Annapurna Road, Near Chanakyapuri Square, Indore

नोट : कॉफी पीना जबान के लिए स्वादकारी होता है
देशी कॉफ़ी ठेका
Annapurna Road

स्व.श्रीमती कंकू देवी हेमराज पुरोहित, भाणा, सेवार्थ ट्रस्ट इंदौर
दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री चारभुजा भोजनालय — न्यु देवास रोड़ इंदौर — वासुदेव पुरोहित भाणा
श्री चारभुजा मिष्ठान भंडार — न्यु देवास रोड़ इंदौर — अजय कैलाश पुरोहित भाणा
श्री चारभुजा मिष्ठान भंडार — अटल द्वार, नेहरु नगर, इंदौर — राकेश वर्दीचन्द्र पुरोहित भाणा
"रानी विला होस्टल" — इंदौर — रानी वासुदेव पुरोहित भाणा

बहतीन महेश जी बोरासी
शहरवासियों को दीपोत्सव पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ
जीतू जी पटवारी सदाशिव यादव चिन्टू जी चौकसे शैलेष गर्ग
सुनील यादव कार्यकारी जिला अध्यक्ष ओबीसी महासभा
गोपाल कोडवानी संजय अरोरा राकेश अरोरा हिमांशु यादव अनिल यादव जयमलसिंह टक्कर

SEYAGO ADVERTISING
विज्ञापन आपका, सौभाग्य हमारा
SEYAGO ADVERTISING
हम दिल से ब्रांड बनाते हैं
ऑटो रिक्शा ब्रांडिंग, वॉल रैप ब्रांडिंग, वॉल पेंटिंग ब्रांडिंग, ई-रिक्शा ब्रांडिंग आदि।
दीपोत्सव आप सभी के जीवन में सुख, समृद्धि एवं उत्तरोत्तर उन्नति का नवप्रकाश लेकर आए...
दीपावली पर्व की सप्रेम बधाई एवं मंगलकामनाएँ।
निवेदक : यश कसेरा 9039249333
सागर कसेरा
प्रदेश प्रवक्ता / मीडिया पैनलिस्ट भाजपा (म.प्र.)

खुशियों एवं प्रकाश के महापर्व
दीपावली
की हार्दिक बधाई
श्री जीतू जी पटवारी
कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष
सुदामा चौधरी
श्रीमती सावित्री सुदामा चौधरी पार्षद
बधाईकर्ता : रहवासी व कांग्रेसजन वार्ड 52, इंदौर
श्री सत्यनारायण जी पटेल
पूर्व विधायक

।। श्री महावीराय नमो नमः ।।
वही पारम्परिक स्वाद की मिठास के साथ
शुद्ध मावे से निर्मित स्पेशल पेड़ा व साथ ही शुद्ध घी की मिठाईयां व ड्रायफ्रूट मिठाईयां एवं नमकीन की अनेक वैरायटी
33, मारोठिया बाजार, इन्दौर, शॉप नं. जी-9, द मार्क 20-ए, साकेत चौराहा, इन्दौर
ओल्ड पलासिया, 14 निगम मार्केट, इन्दौर, 624, कालानी नगर, एरोड्रम रोड, इन्दौर
255, उषा नगर, रणजीत हनुमान चौराहा, इन्दौर, 4, हर्षदीप एवेन्यू, महालक्ष्मी नगर, इन्दौर
किसी भी टिप्पणी/सुझाव के लिए, कृपया उपभोक्ता सेवा पर कॉल करें : 99773 03227 या marothivapeda333@gmail.com पर मेल करें या हमें उपरोक्त पते पर लिखें
पेड़ेवाला
शुभदीपावली
मारोठिया का पेड़ा®
शुद्ध मावे से निर्मित स्पेशल पेड़ा
(स्वाद की एक सदी)
नमकीन की सभी वैरायटी के साथ

भाजपा पदाधिकारी ने की यादव समाज की बैठक



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। लोकतंत्र बचाओ– अराजकता हटाओ पद यात्रा के लिए भाजपा इंदौर महानगर जिला मंत्री गुलशन यादव के नेतृत्व में यादव समाज की बैठक संपन्न हुई। महापौर पुष्यमित्र भार्गव, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय एवं यादव समाज के गणमान्यजन उपस्थित रहे। महाराणा प्रताप नगर सामुदायिक भवन में बैठक में पहुंचे अतिथि पुष्यमित्र भार्गव और आकाश विजयवर्गीय का गुलशन यादव ने स्वागत सत्कार किया, साफा भी पहनाया, उसके साथ ढोल ढमाके के साथ अगवानी की गई। समाज के वरिष्ठ हरिनारायण यादव, अशोक यादव, पुरुषोत्तम यादव, डॉ. रमण यादव, डा. आरसी यादव, प्रेम यादव, कृष्णवल्लभ डाबी का भी स्वागत किया गया। भार्गव और विजयवर्गीय ने उदबोधन भी दिए। लखन यादव, चैनसिंह यादव, राजेश यादव, वीरसिंह यादव, शिवमूरत यादव, डॉ.चंद्रजीत यादव, अमरसिंह यादव, नितिन यादव, एमडी यादव, गौरव यादव, लाखनसिंह यादव, राहुलसिंह यादव, मनोज यादव, मुकेश यादव, कपिल यादव, धुरंधर यादव, मनोज यादव, अशोक यादव ठेकेदार, कविता यादव, अंजना यादव, उमेश यादव, सन्नी यादव, गब्बर वर्मा, भय्यन यादव, रवि सोनी, छलिया यादव, हेमंत सोलपंखी मौजूद थे। उक्त जानकारी गुलशन यादव ने दी।



मुकेश ठाकुर बने सेवादल मीडिया विभाग अध्यक्ष

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

म.प्र. कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अवनिश भार्गव ने अपनी प्रदेश कार्यकारिणी घोषित की। सेवादल से लम्बे समय से जुड़े और जिला अध्यक्ष का दायित्व भी निभा चुके मुकेश ठाकुर को फिर से प्रदेश कांग्रेस सेवादल का मीडिया विभाग का अध्यक्ष बनाया गया है। पहले भी ठाकुर को कई जिम्मेदारी दी गई, जिसे उन्होंने सफलता के साथ पूर्ण किया। ठाकुर हमेशा लोकसभा, विधानसभा, नगर निगम चुनाव में भी पार्टी उम्मीदवारों के लिए बूथ स्तर तक कार्य कर चुके हैं। ठाकुर के अलावा इंदौर के लक्ष्मीनारायण पाठक, किशोर धोलधुये, मेहमूद पठान, प्रहलाद महावर को मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल में सचिव नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर चिन्टू चौकसे, राजेश चौकसे, अर्चना जायसवाल, सुरेश मिंडा, अमित चौरसिया, गजेन्द्र वर्मा, संजय बाकलीवाल, मोहनसिंह चौहान, शैलेष गर्ग, प्रेम खड़ायता, इम्तियाज बेलिम, धर्मेन्द्र गेंदर, किरण जिरेती, भारती टांक सहित अन्य ने बधाई दी है।























आयुक्त के साथ बैठक में कांग्रेस के आधे पार्षद भी नहीं पहुंचे

रात को आयोजित बैठक में नहीं हो सकी सार्थक चर्चा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

नगर निगम आयुक्त के साथ आयोजित कांग्रेस के पार्षदों की बैठक में आधे पार्षद भी नहीं पहुंचे। ऐसी स्थिति में इस बैठक में कांग्रेस के पार्षदों के वार्डों की समस्याओं को लेकर कोई सार्थक चर्चा नहीं हो सकी।



कल शाम को ही कांग्रेस के सभी पार्षदों को यह संदेश दिया गया था कि रात को 8 बजे सिटी बस कंपनी के कार्यालय में कांग्रेस पार्षदों और निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के बीच बैठक रखी गई है। इस बैठक में भाग लेने के लिए सभी पार्षदों को पहुंचने के लिए कहा गया था। इसके बावजूद इस बैठक में कांग्रेस के आधे पार्षद भी नहीं पहुंचे। यह बैठक नेता प्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट ने रखी थी। इस बैठक में भाग लेने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे, उनके साथी राजू भदोरिया, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित पटेल के अलावा सुदामा चौधरी, करनाल सोलंकी, अंसाफ अंसारी और सादिक खान पहुंचे। बाकी सभी पार्षदों ने इस बैठक में आने से किनारा कर लिया। यह बैठक कांग्रेस के पार्षदों के वार्ड की समस्या के समाधान के लिए आयोजित की गई थी लेकिन इस बैठक में भी पार्षद नहीं पहुंचे। ध्यान रहे कि इस समय बहुत सारे पार्षदों के द्वारा पानी की समस्या को लेकर अपने-अपने वार्ड में आंदोलन भी किया जा रहा है और अधिकारियों को शिकायत करते हुए आवाज भी उठाई जा रही है। इसके बावजूद पार्षदों के द्वारा इस बैठक से किनारा कर लिया गया। पार्षद क्यों नहीं पहुंचे इसका कोई कारण तो नहीं बताया गया है लेकिन ऐसा समझा जाता है कि नेता प्रतिपक्ष के रुख से नाराज होने के कारण पार्षदों ने उनके द्वारा रखी गई इस बैठक से दूरी बनाकर रखना ही उचित समझा। ध्यान रहे कि नेता प्रतिपक्ष के द्वारा इन दिनों केवल और केवल ठेला गुमटी वालों के मुद्दे पर ही दबाव बनाने का बनाने का काम किया जा रहा है। उनके ही अभियान से कांग्रेस के अधिकांश पार्षद सहमत नहीं है। यही कारण है कि पार्षदों के द्वारा नेता प्रतिपक्ष से दूरी बना ली गई है।

अखिलेश यादव पर भाजपा नेता ने कसा तंज

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सांसद प्रतिनिधि और भाजपा नेता डॉ. संतोष वाधवानी ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयान पर व्यंग्यात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की। वाधवानी ने कहा कि अखिलेश यादव ने कहा है कि वे 2027 का विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे, बल्कि सीधे मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। डॉ. वाधवानी ने कहा कि अखिलेश यादव का राजनीतिक आत्मविश्वास देखकर लगता है कि अब लोकतंत्र में चुनाव लड़ना और जनता से वोट मांगना शायद एक पुरानी परंपरा हो गई है। जब मुख्यमंत्री बनने का सपना सीधे देखा जा सकता है, तो फिर जनता के बीच जाकर चुनाव लड़ने की मेहनत क्यों की जाए! उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि अभी चुनाव की तारीखें भी तय नहीं हुई हैं, जनता ने अपना फैसला भी नहीं सुनाया है, लेकिन मुख्यमंत्री पद की शपथ का कार्यक्रम पहले ही मन में तय हो चुका है। ऐसा आत्मविश्वास तो शायद शेयर बाजार में भी नहीं मिलता, जहां बिना निवेश किए मुनाफे की गारंटी दी जा रही हो! वाधवानी ने सीधा-सीधा अखिलेश यादव के बयान पर तंज कसा।



कांग्रेस नेता बागडी ने दिए उपहार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

प्रदेश कांग्रेस उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द बागडी ने पालदा औद्योगिक क्षेत्र पहुंचकर उन श्रमिकों, मजदूरों और कर्मचारियों को दीपावली के उपहार भेंट किए, जो फुटपाथ और सड़क पर बैठकर अपनी आजीविका चलाने के लिए दीपावली से संबंधित सामग्री का खेरची कारोबार करने में मददगार बने हुए हैं। बागड़ी ने बताया कि कांग्रेस नेता राहुल गाँधी एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी इस बार दीपावली के मौके पर सभी कांग्रेसजनों से आह्वान किया है कि वे फुटपाथ और सड़कों पर बैठकर धंधा करने वाले दिहाड़ी व्यापारियों से उत्सव से संबंधित सामग्री खरीदें ताकि उनकी रोजी-रोटी भी चलती रहे। बागड़ी ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ पालदा औद्योगिक क्षेत्र पहुंचकर करीब 20 दुकानदारों के यहाँ काम करने वाले कर्मचारियों और सहयोगी बंधुओं को आमंत्रित कर उन्हें दीपावली के उपहार भेंट किए।

एमआईसी सदस्य का ध्यान दंगल में लगा



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

एमआईसी सदस्य और महापौर कुश्ती दंगल प्रभारी नन्दकिशोर पहाड़िया ने कल महापौर कुश्ती जो जनवरी में होना है उसे लेकर बैठक का आयोजन किया। इस दंगल प्रतियोगिता को बड़ा रूप देने और कुश्ती के पहलवानों को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष यह दंगल प्रतियोगिता नहीं हो पाई थी। साथ ही 26 खेल प्रतियोगिताएं भी नहीं हुई थी। सभी खेल संगठन और नगर निगम के जिम्मेदारों को प्रतियोगिता के आयोजन की तैयारियों के निर्देशन भी दिए गए हैं। पहाड़िया ने अपर आयुक्त और सभी पार्षदों से चर्चा भी की। इस दंगल के माध्यम से खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतिभा के लिए मौका मिले इस पर भी चर्चा हुई। पहाड़िया ने बताया कि प्रतियोगिताओं में महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों के पहलवानों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा तथा देशभर से नामी पहलवान इसमें शामिल होंगे। उभरते खिलाड़ियों को भी अच्छे अवसर मिलेंगे। बैठक में भावना चौधरी, अभिषेक, संगीता, प्रदीप दुबे, हरगोविंद सहित अन्य मौजूद थे।



अर्जुनसिंह के चित्र पर पुष्पांजलि

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। अर्जुन सिंह विचार मंच के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुनसिंह की जन्म जयंती अवसर पर शहर कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन पर पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया। अर्जुनसिंह की जीवनी पर प्रकाश भी डाला गया। जितेन्द्रसिंह ठाकुर, सदाशिव यादव, अर्चना जायसवाल, अनुरोध जैन, दीपक मलोरिया, रानू, दानिश खान, सुनील यादव, आफताफ खान, बद्री शर्मा, मुकेश माहेश्वरी, काले खां, प्रकाश जोशी, फरीद खान, अशोक जाट, सत्यनारायण शर्मा, सत्यम वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

कांग्रेस नेत्री कराएगी आज शाम रंगोली प्रतियोगिता

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। वार्ड 36 से जुड़ी कांग्रेस नेत्री तानिया अवस्थी ने बताया कि शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिन्टू चौकसे, संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल के मार्गदर्शन में आज गुरुवार की शाम 4:30 बजे से 6:00 बजे तक रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन वार्ड के निपानिया में दीपावली पर्व पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन से रहवासियों को जोड़ा गया है। रंगोली की थीम और डिजाइन प्रतिभागियों की पसंद के अनुसार रखी गई है। निपानिया में होने वाले आयोजन से वार्ड की समस्त महिला, युवतियों और बालिकाओं को भी जोड़ा गया है। इसके लिए पंजीयन भी कराए गए हैं।

उमराह के लिए गए 60 जायरिन वापस लौटे

टूर कमेटी ने अतिरिक्त खर्च कर सऊदी अरब से वापस लाने का काम किया

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भाजपा नेता साजिद रॉयल ने बताया कि अल हिजरा उमराह टूर्स के माध्यम से गए 350 के करीब मुस्लिम समाजजन सऊदी अरब में रूके हुए थे। वहां की स्थितियों के बाद इन 350 हाजियों को अतिरिक्त खर्च कर दूसरे देशों में पहुंचाकर वहां से हिन्दुस्तान लाने का काम किया गया। इन जायरिनों को सारी सुविधाएं भी दी गई। आज सुबह इनमें से 60 जायरिनों का जत्था इंदौर पहुंचा। सभी जब अपनी जमीं पर उतरे तो सभी ने खुशी का इजहार भी किया।



मुख्यमंत्री करेंगे डेली कॉलेज में शिरकत

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज डेली कॉलेज के कार्यक्रम में शिरकत कर रहे हैं। इस कार्यक्रम के शिरकत करने के बाद स्थानीय कार्यक्रमों में भी मुख्यमंत्री शामिल होंगे। दोपहर 2.20 बजे इंदौर विमानतल से भोपाल के लिए रवाना होंगे।

पहले 6 मुख्य चौराहों से ट्रैफिक बाधा बताकर हटाई रोटरी, अब शांतिपथ चौराहे पर फिर बनाने लगे

नगर निगम की दोहरी ट्रैफिक इंजीनियरिंग

विजयनगर, मुंबई हॉस्पिटल सहित प्रमुख चौराहों को रोटरी मुक्त किया, अब सौंदर्यीकरण के नाम पर निर्माण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या दूर करने के लिए नगर निगम ने पहले छह प्रमुख चौराहों से रोटरी हटाई। तर्क दिया गया कि रोटरी के कारण वाहनों की आवाजाही प्रभावित होती है और चौराहों पर जाम लगता है। इसी आधार पर विजयनगर, मुंबई हॉस्पिटल, चंद्रगुप्त मौर्य, पाटनीपुरा और मालवा मिल सहित प्रमुख चौराहों से रोटरी हटाई गई या छोटी की गई। महापुरुषों की प्रतिमाओं को भी चौराहों से हटाकर डिवाइडर और ग्रीन बेल्ट में शिफ्ट किया गया। लेकिन अब निगम की इसी ट्रैफिक इंजीनियरिंग पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जोन क्रमांक-3 कार्यालय से महज 100 मीटर दूर शांतिपथ चौराहे पर सौंदर्यीकरण के नाम पर फिर रोटरी का निर्माण कराया जा रहा है। सवाल यह है कि जब रोटरी ट्रैफिक में बाधा बनती है तो अब नए चौराहे पर इसका निर्माण क्यों किया जा रहा है?

पहले हटाई, अब फिर बनाने लगे

नगर निगम के ट्रैफिक विभाग ने चौराहों पर रोटरी निर्माण को यातायात के लिहाज से अनुपयोगी बताते हुए ऐसे निर्माणों से दूरी बनाई थी। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने भी इस तरह के निर्माणों पर सख्ती दिखाई थी। इसके बाद शहर के प्रमुख चौराहों को रोटरी मुक्त करने की कार्रवाई हुई। अब शांतिपथ चौराहे पर रोटरी निर्माण शुरू होने से निगम की पुरानी नीति पर सवाल उठ रहे हैं। एक तरफ ट्रैफिक सुधारने के लिए चौराहे चौड़े किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ रोटरी बनाकर उसी समस्या को दोबारा न्योता दिया जा रहा है।

सौंदर्यीकरण के नाम पर बजट, मंजूरी किसकी?

बताया जा रहा है कि शांतिपथ चौराहे पर रोटरी निर्माण के लिए सौंदर्यीकरण मद से बजट आवंटित किया गया है। हालांकि कितनी राशि खर्च होगी और इसकी मंजूरी जोन स्तर से मिली है या निगम मुख्यालय से, इसकी जानकारी स्पष्ट नहीं है। अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी इस मामले में कुछ कहने से बच रहे हैं।


जोन अधिकारी को भी जानकारी नहीं

जोन क्रमांक-3 के जोनल अधिकारी राज ठाकुर ने बताया कि निर्माण किस मद से कराया जा रहा है, इसकी जानकारी फिलहाल उनके पास नहीं है। वरिष्ठ अधिकारियों से समन्वय कर इस संबंध में जानकारी दी जा सकेगी। शहर में एक ओर लेफ्ट टर्न विकसित करने, चौराहे चौड़े करने और ट्रैफिक सुगम बनाने पर खर्च किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर रोटरी का नया निर्माण निगम की प्राथमिकताओं पर सवाल खड़े कर रहा है।

प्रभारी को भी जानकारी नहीं कैसे हो रहा है निर्माण

वही रोटरी निर्माण को लेकर नगर निगम के ट्रैफिक विभाग को भी खबर नहीं है, एमआईसी सदस्य और यातायात समिति प्रभारी राकेश जैन ने बताया कि इस संबंध में अधिक जानकारी विभाग के इंजीनियरों को है मेरे संज्ञान में यह मामला नहीं है, निर्माण कैसे हो रहा है इसके संबंध में पूछताछ की जाएगी।







निर्माणाधीन अंडरग्राउंड टनल का निरीक्षण

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मेट्रो ट्रेन के लिए निर्माणाधीन भूमिगत कार्य भी चल रहा है। 20 मीटर नीचे टनल निर्माण हो रहा है। इसका निरीक्षण करने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय पहुंचे और उन्होंने बताया कि करीब 60 से 65 फीट नीचे निर्माण चल रहा है और ऊपर सड़क पर यातायात भी चल रहा है और कई लोगों के मकान भी है। मेट्रो प्रोजेक्ट में एक दिन में 11 रिंग इंस्टॉल किए गए, जिसे देखने विजयवर्गीय पहुंचे थे।

मारपीट में घायल की मौत में हत्या की आशंका

मल्टी के पास लहूलुहान मिला युवक

गमी के कार्यक्रम के दौरान टेंट के पास हुई वारदात से सनसनी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

खुड़ैल थाना क्षेत्र में बीती रात एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहां नीलगिरी अपार्टमेंट के पास एक युवक गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा मिला। अस्पताल ले जाने के दौरान तड़के उसकी सांसें थम गईं। शुरुआती जांच में पुलिस ने बेरहमी से मारपीट के बाद हत्या की आशंका जताई है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

यह घटना नीलगिरी अपार्टमेंट के ब्लॉक नंबर 13 के पास की है। यहाँ रहने वाले राहुल सोलंकी के घर गमी का कार्यक्रम था, जिसके सिलसिले में बिल्डिंग परिसर में बड़ा टेंट लगाया गया था। रात के वक्त जब परिवार के लोग अंदर की तरफ मौजूद थे, तभी अचानक बाहर से किसी के चिल्लाने की आवाजें गूंजीं। जब परिजन और आसपास के लोग बाहर दौड़कर आए, तो उन्होंने देखा कि 22 वर्षीय दीपक पिता गोपाल, निवासी ग्राम बरोठा, जिला देवास खून से लथपथ जमीन पर अचेत पड़ा है। उसके हाथ, पैर और सिर पर गंभीर चोटों के कई निशान थे। आनन-फानन में लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

परिजनों ने पुलिस को बताया कि दिनभर चले शोक कार्यक्रम के कारण सभी लोग काफी थक चुके थे और कुछ लोग परिसर में बाहर ही सो रहे थे। जिस जगह पर दीपक के साथ यह खूनी संघर्ष हुआ, वहां काफी अंधेरा था, जिसके चलते हमलावरों को कोई भी देख नहीं पाया। एमवाय अस्पताल से मिली सूचना के आधार पर खुड़ैल थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

12 हजार भरे फिर भी नल कनेक्शन काटा

लगाया आरोप, रसीद थी फिर भी नहीं हुई सुनवाई

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विधानसभा 5 के वार्ड 39 स्थित हबीब कालोनी खजराना में रहने वाले कांग्रेस और सामाजिक कार्यकर्ता सलीम पठान के परिवार से जुड़ा नल का मामला है। नल कनेक्शन के लिए नगर निगम कर्मचारी को 12 हजार रु. दिए थे। राशि देने के बावजूद कनेक्शन का लाभ किसी अन्य व्यक्ति को देने का आरोप भी लगा। 12 हजार रु. की रसीद उनके पास होने के बावजूद नल कनेक्शन काटा गया और कनेक्शन को अवैध बताया गया। इस मामले में पठान ने ऑनलाइन शिकायत भी कल दर्ज कराई है। पठान ने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जाए। रसीद देखी जाए, कनेक्शन काटने की जांच हो और कनेक्शन वापस किया जाए।



निर्माण कार्यों पर प्रतिबंध का अभी कोई निर्णय नहीं-आयुक्त

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शहर में गिरते भूजल स्तर और अल्पवर्षा को देखते हुए बोरिंग पर जिला कलेक्टर द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के बाद यह माना जा रहा था कि अब जल्द ही निर्माण कार्यों पर भी प्रतिबंध लग सकता है, लेकिन इस पर विराम लगाते हुए निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने स्पष्ट किया है कि अभी निर्माण कार्यों पर प्रतिबंध का कोई निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने कहा कि यह प्रयास जरूर किए जा रहे हैं कि निर्माण कार्यों में ज्यादा से ज्यादा ट्रीटेड वॉटर का उपयोग हो। हालांकि दूसरी ओर यह माना जा रहा है कि शहर में चल रहे निर्माण कार्यों में बड़े पैमाने पर बोरिंग का ही पानी उपयोग किया जा रहा है जिससे शहर का भूजल स्तर तेजी से गिर रहा है। नगर निगम द्वारा निर्माण कार्यों में सिर्फ ट्रीटेड वॉटर के उपयोग की बाध्यता नहीं किए जाने के कारण लगभग सभी निर्माण कार्यों में बोरिंग का पानी ही उपयोग किया जा रहा है।



शिक्षण सामग्री का वितरण

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सर्व समाज जनसेवक संगठन द्वारा पालदा सरकारी स्कूल में विद्यार्थियों को शिक्षक सामग्री के अलावा दीपावली पर पटाखे का भी वितरण किया गया। श्याम पंवार, राकेश गोयल, नंदलाल यादव, सुरेश सर, पिंटू पंवार, दिलीप नागराज, राहुल मुजालदे, अनिल पंचोली, सुमित लोनखेड़े सहित अन्य मौजूद थे।

फाउंडेशन ने किया किट का वितरण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

मित्र फाउंडेशन के तत्वावधान में समाज के जरूरतमंद परिवारों को दीपावली पूर्व राशन सामग्री किट का वितरण किया ग़या। दीप पर्व की सामग्री, मिठाई, नमकीन, नाश्ता, भोजन बनाने से संबंधित सभी सामग्री रखी गई। आयोजन से राकेश-सपना बांठिया, चिंतन बाकिवाला, डॉ. थत्ते, महेंद्र आचार्या, अशोक कांकरिया, राजेश संचेती, नितेश दलाल, नीरज मेहता, विकास कोठारी, अजय नाहर, अंकित जैन, अजय कांकरेचा, अंकित कारपेंटर, कल्पना बाबेल, पदम छल्लानी, वर्षा जैन, धवल पटेल, अनिल बोहरा, पूजा जैन जुड़े रहे।





महिला पुलिस अधिकारी ने पुलिस और बच्चे की ड्यूटी निभाई

त्योहार पर रात 11 बजे तक मिली है जिम्मेदारी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। दीपावली पर्व के तहत खासतौर से मध्य क्षेत्र में यातायात का दबाव अत्यधिक है। दुकानें अभी देर रात तक खुली रहती है। यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस की जिम्मेदारी भी देर रात तक लगी हुई है, यातायात निरीक्षक लक्ष्मी धार्वे अपनी कर्तव्य की पुलिस जिम्मेदारी भी निभा रही है और बच्चा छोटा है उसकी जिम्मेदारी भी रात 11 बजे तक निभा रही है।

लाड़ली बहना की 42 किस्तें, फिर भी आत्मनिर्भरता कहाँ- राहुल निहोरे

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। लाड़ली बहना योजना की 42वीं किस्त के बीच, महिला सशक्तिकरण, कुपोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था पर सवाल। मध्यप्रदेश में लाड़ली बहना योजना की 42वीं किस्त जारी होने के बीच, युवा नेता राहुल निहोरे ने प्रदेश सरकार की महिला सशक्तिकरण नीतियों पर कहा कि प्रदेश की महिलाओं से सीधा सवाल किया क्या इन 42 किस्तों से आपकी ज़िंदगी वाकई बदली है? कितनी महिलाएं आत्मनिर्भर बनीं, कितनों को स्थायी रोज़गार मिला और कितने परिवार आर्थिक रूप से मजबूत हुए? निहोरे ने कहा, महिलाओं के खातों में पैसा डालकर प्रचार करना बंद होना चाहिए। सशक्तिकरण का मतलब सिर्फ़ किस्तें नहीं, स्थायी रोज़गार, बेहतर शिक्षा और सम्मानजनक आमदनी है। साथ ही उन्होंने प्रदेश में बढ़ते कुपोषण, बदहाल सरकारी अस्पतालों में बेड, दवाइयों और डॉक्टरों की कमी, सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी और स्कूल बंद होने के मुद्दे उठाए। उन्होंने कहा कि प्राइवेट स्कूल और अस्पताल इतने महंगे हैं कि गरीब परिवार बच्चों की पढ़ाई और इलाज के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सवाल ये है कि जब बुनियादी सुविधाएँ ही ठीक नहीं, तो विकास का दावा किस बात का? प्रदेश की महिलाएँ किस्तों का नहीं, अपने जीवन में असली बदलाव चाहती हैं। सरकार को प्रचार से बाहर निकलकर रोज़गार, महंगाई, कुपोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा पर जवाब देना चाहिए।















कसेरा बाजार स्कूल के विद्यार्थियों ने मनाया दीपावली उत्सव

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

श्री कसेरा बाजार विद्या निकेतन स्कूल स्कीम नं. 71 के विद्यार्थियों के बीच सबसे बड़े पर्व दीपावली उत्सव को लेकर विद्यार्थियों को फुलझड़ी जलवाई, अनार और चकरी का भी उपयोग हुआ। किसी तरह के बम नहीं फोड़े गए। विद्यार्थियों को दीपावली उत्सव का महत्व बताया और छोटे विद्यार्थियों को बड़े बम नहीं फोड़ने की सलाह भी दी गई।

जलाई फुलझड़ी, अनार और चकरी



विद्यार्थियों का आज आखिरी दिन है। उन्हें दीपावली उत्सव की शुभकामनाएं दी और उन्हें गिफ्ट भी दिए गए। उक्त जानकारी प्राचार्य वर्षा झंवर, उपप्राचार्य नेहा श्रीधर ने दी।

सर्वोदय स्कूल में दीपावली थीम पर प्रतियोगिताएं

थाली डेकोरेशन के अलावा दीपक और लैम्प काम्पटिशन भी हुई

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सर्वोदय बाल विनय मंदिर स्कूल की प्राचार्या सोनाली दुबे ने बताया कि स्कूल के विद्यार्थियों के बीच दीपावली की थीम पर पर्व के पहले स्कूल में थाली डेकोरेशन प्रतियोगिता रखी गई, वहीं विद्यार्थियों में दीपक और लैम्प निर्धारित समय में बनाने की प्रतियोगिता भी रखी गई। मीडिल के विद्यार्थियों के अलावा प्री-प्रायमरी के विद्यार्थियों को भी दीपावली का महत्व बताते हुए उन्हें पर्व के लिए गिफ्ट दी गई।



शिवराजसिंह चौहान के यहां पहुंचकर शोक संवेदना

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन के पदाधिकारी और सदस्यों ने केन्द्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान के भोपाल निवास पहुंचकर वहां माता के निधन पर चित्र पर पुष्पांजलि दी और शोक जताया। इस दौरान पवन हिन्दू, उमंग नेमा सहित अन्य मौजूद थे।





एबीवीपी में सूरज दरबार को जिम्मेदारी

देपालपुर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की देपालपुर नगर इकाई की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा में सूरज विनोद दरबार को नगर अध्यक्ष तथा पायल दयाल को मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस जिम्मेदारी के बाद समर्थकों ने जश्न मनाया। दोनों पदाधिकारियों का साफा बांधकर ढोल-धमाकों के बीच स्वागत किया, आतिशबाजी भी की गई। शहीद भागीरथ सिलावट की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया गया।

खंडेलवाल समाज के अन्नकूट में लेंगे शपथ

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्री खंडेलवाल वैश्य पंचायती सभा द्वारा अन्नकूट एवं दीपावली मिलन समारोह 15 नवंबर को श्री रामकृष्ण बाग पर आयोजित होगा। इस उत्सव में भगवान श्री नाथजी का विशेष श्रृंगार कर उनको 56 भोग लगाए जायेंगे। कार्यक्रम में खंडेलवाल समाजजन जल संरक्षण की शपथ भी लेंगे। कार्यक्रम से राजेश डगायच, मुरलीधर धामानी, सुरेश शाहरा, सुभाष खंडेलवाल, सर्वेश खंडेलवाल सहित अन्य जुड़े हैं।

विद्यार्थियों की तैयार सामग्री की आज दोपहर प्रदर्शनी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। वसुमित्र समाजसेवा समिति ने आज प्रेस क्लब में दोपहर 1 से 4 बजे तक प्रदर्शनी का आयोजन किया। विश्वविद्यालय के जनजाति, जाति छात्रावासों के विद्यार्थियों ने दीपोत्सव के लिए आकर्षक गृह सजावट की सामग्री तैयार की है, जिसमें बिजली की झालर, कलात्मक दीए, तोरण, वंदनवार, शुभ लाभ मांगलिक प्रतीक जैसी सामग्रियां शामिल है और इन्हीं की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। डॉ. ग्रीष्मा त्रिवेदी ने उक्त जानकारी दी।

हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल का सेवाकार्य

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल इंदौर महानगर मालवा प्रांत द्वारा दीपावली पर्व के मद्देनजर जरूरतमंद परिवारों के बीच कपड़े, मिठाई, पटाखे और दीपक वितरण की सेवा की जा रही है। इस सेवाकार्य से शिवम् माली, नरेंद्र सेन, रिक्की वर्मा, राजू सोलंकी, मदनलाल चौहान, दिनेश लोधा, विजय बरौले, हर्ष मंगोलिया, आदर्श ठाकुर, हर्षित चौहान, कृष सोलंकी, दक्ष वर्मा जुड़े रहे।





दशनाम गोस्वामी समाज ने सौंपा हत्याकांड में ज्ञापन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। दशनाम गोस्वामी समाज के पदाधिकारी और सदस्यों ने खातेगांव थाना प्रभारी दिलीप पुरी हत्याकांड की सीबीआई जांच कराने और 5 सूत्रीय मांग को लेकर संभाग आयुक्त कार्यालय पहुंचकर वहां मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। धर्मेंद्र पुरी महाराज, राजेश पुरी गोस्वामी, कमलपुरी गोस्वामी, प्रियंका गोस्वामी, महेश गिरी, दशरथ गिरी, योगेंद्र पुरी, केके गोस्वामी, कमल गिरी गोस्वामी, दशरथ गिरी, प्रीति गिरी, मनीषी गिरी, उषा गिरी, सुनील गिरी सुल्तानिया, विनोद गोस्वामी, अनिल गोस्वामी, दिनेश गोस्वामी, सचिन गोस्वामी, पवन गोस्वामी, नागेश पुरी, राज भारती, अभिषेक भारती, मनीष पुरी उपस्थित रहे।



मुक्तिधाम गौशाला में गौपूजन और दीपदान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्री हरि परमार्थ सेवा संस्था के तत्वावधान में इन्दौर पंचकुईया मुक्तिधाम गौशाला परिसर में दीपदान एवं गौ माता पूजन का आयोजन किया गया। गौशाला परिसर में रंगोली सजाई गई। 51 दीप प्रज्ज्वलित कर दीपोत्सव मनाया गया।

माहेश्वरी समाज ने आर्थिक सहयोग करने वालों का किया अभिनन्दन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। माहेश्वरी समाज दीपावली पर जरूरतमंद समाजजनों को आर्थिक सहयोग ऑनलाइन कर रहा है। इस बड़े अभियान में माहेश्वरी समाजजनों ने आर्थिक उदारता भी जमकर दिखाई। समाज के प्रयास पर सही दिशा में सही कदम उठाए गए। कल दानदाताओं का सम्मान भी किया गया और ऑनलाइन सहयोग की प्रक्रिया भी शुरू की गई। ईश्वर बाहेती, भरत तोतला, केदार हेड़ा, रजत बेड़िया, राधेश्याम काबरा, बसंत भट्टड़, दिनेश चितलांग्या, सागरमल खरोड़, गोपाल न्याती, रजत लड्ढा, गोविंद बेड़िया, ओमप्रकाश गगरानी, सुनील सोमानी, चेतन बियाणी सहित अन्य मौजूद थे।





माहेश्वरी प्रीति क्लब का 'सार्थक अभियान'

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। माहेश्वरी प्रीति क्लब द्वारा दीपावली के पर्व पर 'सार्थक दीपावली अभियान' के अंतर्गत सेवा कार्य का शुभारंभ किया। क्लब के पदाधिकारी और सदस्य स्वयं जरूरतमंद परिवारों के घर-घर जाकर ये किट पहुँचाएँगे, ताकि उनके घरों में भी दीपावली का पर्व खुशियों और उल्लास के साथ मनाया जा सके। मुकेश कचोलिया, गोपाल न्याती, पवन भलिका, ग़ोविन्द बेडिया, ओम गगरानी, आनंद नागोरी, दिनेश परवाल, मनोज जाखेटिया,अतुल माहेश्वरी, अभिषेक मालपानी, दामोदर असावा सहित अन्य मौजूद थे।

सजावट की दुकानों पर बैठ रहे हैं छोटे बच्चे

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। इन दिनों शहर के मध्य से लेकर राजबाडा और अन्य व्यवसायिक इलाकों में फुटपाथ और रोड पर साज-सज्जा, मिट्टी के दीपक, लक्ष्मी पाना, रुई सहित अन्य सामान की दुकानें लगी हुई है। कई दुकानों पर छोटे बच्चे भी नजर आ रहे है।





जैन संत ने प्रदान किया मुहूर्त

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। गुरु राजेन्द्र जन्मभूमि पदयात्रा संघ का आयोजन, धौलपुर से भरतपुर महातीर्थ तक किया जाना है। संघपति परिवार को मुहूर्त बिजासन रोड स्थित केसरी वाटिका में चातुर्मास में विराजित गच्छाधिपति नित्यसेन सुरीश्वर म.सा.ने प्रदान किए।

कोलकाता में हमला, इंदौर में ज्ञापन



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। पश्चिम बंगाल, कोलकाता में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के कार्यक्रम में एबीजीपी के कार्यकर्ताओं पर एसआरएफटीआई के वामपंथियों द्वारा की गई हिंसा एवं सामूहिक हमले के विरोध में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, इंदौर महानगर द्वारा कलेक्टर कार्यालय में अपर कलेक्टर को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। अजय रघुवंशी,विनोद ठाकुर, मनोज पंवार, देवेन्द्र सिसोदिया, लोकेंद्र दुबे, डॉ. रूबी दुबे, महेश चौहान, डेनी कुमार राठौर मौजूद थे।



साइबर सुरक्षा जागरूकता पर कार्यशाला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

एडिशनल डीसीपी, क्राइम ब्रांच,राजेश दंडोतिया ने साइबर अपराधियों के तौर-तरीकों और उनसे बचाव के उपायों को बताया। अनजान लिंक भारी पड़ सकती है उससे बचना चाहिए, विद्यार्थी खुद को अपडेट और अपग्रेड रखें। अनजान लिंक, फर्ज़ी पहचान और अचानक मदद मांगने वाले संदेशों से सावधान रहना बेहद ज़रूरी है। इसी जागरूकता को विद्यार्थियों तक पहुँचाने के उद्देश्य से अल-हिरा पब्लिक स्कूल, चन्दन नगर में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। ज़ुबेर शाह, याकूब मेमन, वसीम अहमद, फैजान सर, जावेद आलम ने मौजूद रहकर इस जागरूकता आयोजन में भूमिका निभाई।

शासकीय स्कूल के विद्यार्थियों के चेहरे खिले

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। शासकीय अत्रीदेवी स्कूल सुदामा नगर में अग्रवाल समाजजन अग्रवाल समाज द्वारा दीपावली पर किए जा रहे सेवा कार्य के अन्तर्गत पहुंचे। 400 विद्यार्थियों को दीपावली का तोहफा दिया गया। किशोर गोयल, रत्नेश गोयल, संजय गोयल, मनोज अग्रवाल, नीलेश सजनप्रभा, ओमप्रकाश चायवाले, पिंकेश मोदी, सजन अग्रवाल, चंद्रप्रकाश मित्तल, प्रहलाद गर्ग, धर्मेन्द्र गर्ग, हरिस्वरूप अग्रवाल, मीना सोनथालिया, रेखा अग्रवाल, सोनिया गर्ग सहित अन्य मौजूद थे।





सेवानिवृत्ति के बाद सम्मान

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। जनपद पंचायत,देपालपुर में समन्वयक अधिकारी सुभाष चौधरी सेवानिवृत्त हुए तो उनके पैतृक गाव अटाहेड़ा मे सम्मान समारोह आयोजित किया गया। पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल, मोतीसिंह पटेल, मोहनलाल ननवाना, श्याम, गोपाल चौधरी, महेश पटेल, सूरजसिंह बोड़ाना, कैलाश आर्य, शालिगराम पटेल, सुनील पटेल, रमेश सोलंकी, तोलाराम तवर, विनोद वर्मा, राजकुमार पटेल, जितेंद्र कुमार सेठ, देवराज चौधरी, आबिद अली मंसूरी, शौकत मंसूरी, मनोज दुबे, आरिफ अली मंसूरी, दिलीप पटेल, जगदीश बड़वाया, मोहन बारोड, मिथिलेश जोशी, राजेश बड़वाया, रवि पटेल, सुमित पटेल, हरिराम चौधरी सहित अन्य मौजूद थे। बडी संख्या में मौजूद लोगों के लिए भोजन का आयोजन भी किया गया।

टिगरिया बादशाह तालाब पर स्थायी घाट का इंतजार



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। दीपावली के बाद छठ आयोजन को लेकर पूजन, व्रत, स्नान और अर्ध्य देने वालों ने कहा कि छठ महापर्व समीप आ रहा है और शासन और प्राधिकरण ने तालाब पर स्थाई घाट की घोषणा भी की थी। इधर शासन की घोषणा और इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) के बजट में टिगरिया बादशाह तालाब पर छठ घाट निर्माण का प्रावधान होने के बावजूद परियोजना की प्रगति को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। ऐसे में इस वर्ष भी श्रद्धालुओं को छठ पूजा के लिए अस्थायी व्यवस्थाओं पर निर्भर रहना पड़ सकता है। इस मामले में पूर्वोत्तर सांस्कृतिक संस्थान मध्य प्रदेश ने एक बार फिर मुख्यमंत्री को स्मरण-पत्र भेजकर परियोजना की स्थिति स्पष्ट करने और निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग की है। संगठन ने सवाल उठाया है कि जब मुख्यमंत्री स्तर पर घोषणा हो चुकी है और आईडीए के बजट में भी प्रावधान किया जा चुका है, तो फिर स्थायी घाट निर्माण की दिशा में अब तक ठोस प्रगति क्यों नहीं हुई? ज़गदीश ठाकुर और के.के. झा ने उक्त जानकारी दी।



बंजारा समिति और विवेकानंद ट्रस्ट ने किया आयोजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। विवेकानंद ट्रस्ट एवं बंजारा जन विकास सेवा समिति द्वारा विमुक्त घुमंतू एवं अर्ध घुमंतू जनजाति समुदाय के माचल छात्रावास धार रोड में अध्ययनरत जरूरतमंद विद्यार्थियों के साथ दीपावली की खुशियां बांटी। बच्चों को कपड़े, मिठाई, पटाखे भेंट किए। प्रकाश मानावत, लक्ष्मीनारायण चौधरी, निर्भयसिंह ठाकुर, ज्ञानीकृपाल सिंह, विष्णु चौधरी, मुकेश यादव, शंकर पंवार, जीवन चौहान, केदार चौधरी, सरोज वर्मा, मदनलाल सोलंकी, नरेन्द्र चौहान, राम चौहान, अजय पंवार, इंदरसिंह चौधरी, राजेश मारु, जितेन्द्र यादव मौजूद थे।

200 वर्षों से एक जैसा स्वाद व गुणवत्ता

मारोठिया पेड़ा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

इंदौर शहर का नाम रोशन व प्रसिद्ध करने में विभिन्न प्रतिष्ठानों का योगदान रहा है इसमें मारोठिया स्थित मारोठिया पेड़े का भी बड़ा योगदान है। आज से 200 वर्ष पूर्व श्री श्यामलाल बिरदीचंद जैन ने राजस्थान से आकर इसकी शुरुआत की और इस पेड़े का स्वाद इंदौरवासियों की जुबान पर चढ़ गया जो आज भी पीढ़ी दर पीढ़ी कायम है। मारोठिया पेड़े के बगैर कोई भी शुभ कार्य संभव ही नहीं है। आज छठी पीढ़ी उसी शिद्दत से अपने पूर्वजों के कार्य की साख को बनाए हुए है। आज इंदौर में इसकी 6 शाखाएं हैं। मारोठिया पेड़े वालों के ज्येष्ठ विनोद जैन ने बताया कि 200 वर्ष पूर्व मारोठिया बाजार में पेड़े की शुरुआत की थी, समय के साथ-साथ व्यापार बढ़ा, होल्कर महाराज भी इस पेड़े को बहुत पसंद करते थे। राजवाड़े में हर त्यौहार पर हमारे यहां से पेड़े जाते थे, शहर बढ़ता गया और पेड़े की मांग भी बढ़ती गई इसलिए शहर में मारोठिया सहित 6 स्थानों पर शाखाएं खोली।

जैन ने बताया कि हमारे पूर्वज जो विधि हमें पेड़ा निर्माण की बता गए थे उसी आधार पर हम आज भी उसी विधि से पेड़े बनाते है और परिवार के सदस्य ही पेड़े का निर्माण करते है, इसमें जो भी सामग्री लगती है वह हम स्वयं ही बनाते है इसलिए इसका स्वाद एक जैसा है।



जनता की मांग पर ही पेड़ों का निर्माण होता है, ज्यादा चाहिए तो 3-4 दिन पहले हमें बताएंगे तब ही हम पेड़े उपलब्ध कराते हैं। पेड़े की क्वालिटी व स्वाद बना रहे, इसका विशेष ध्यान रखा जाता है। परिवार के लोग ही इसका निर्माण करते हैं। पूर्वजों के आशीर्वाद से ही हम इंदौरवासियों की सेवा कर रहे हैं।

-विनोद जैन

जेल विभाग में लॉ ऑफिसर बनना है तो आज रात 12 बजे तक अंतिम अवसर

6 से 12 नवंबर तक तीन हजार और 13 से 18 नवंबर तक 25 हजार रुपए लेट फीस देना होगी

इन्दौर। मध्यप्रदेश लोकसेवा आयोग (एमपी पीएससी) की महत्वपूर्ण परीक्षा के आवेदन की अंतिम तारीख आ गई है। जेल विभाग में लॉ ऑफिसर के चार पदों के लिए होने वाली परीक्षा के लिए आवेदन 5 नवंबर की रात 12 बजे तक का समय दिया गया है फिर तगड़ी लेट फीस जमा करना होगी।

तीन हजार रुपए लेट फीस के साथ 6 से 12 नवंबर तक और 13 से 18 नवंबर तक 25 हजार रुपए लेट फीस के साथ ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे। इस एग्जाम की आयु गणना 1 जनवरी 2027 से की जाएगी। इसमें लॉ ग्रेजुएट आवेदन कर सकेंगे। अधिवक्ता के तौर पर दो वर्ष का अनुभव भी अनिवार्य है।

ओएमआर शीट पर होगी एग्जाम

यह परीक्षा ऑफलाइन पद्धति से ओएमआर शीट पर होगी। परीक्षा के बाद रिजल्ट के आधार पर इंटरव्यू के लिए चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी की जाएगी। इंटरव्यू 100 अंकों का होगा। इसमें न्यूनतम 41 अंक लाना अनिवार्य होगा। परीक्षा 13 दिसंबर को आयोजित होगी। संभावना है कि जनवरी में रिजल्ट आएगा और उसके बाद मार्च में इंटरव्यू हो सकते हैं। चूंकि फिलहाल चार ही पद हैं, इसलिए एक ही दिन में ये इंटरव्यू हो जाएंगे।

पद कम, लेकिन अभी बढ़ने की संभावना बाकी

पद कम होने से अभ्यर्थी निराश हैं। लेकिन पीएससी परीक्षा के रिजल्ट से पहले पदों में बढ़ोतरी कर सकता है। कितने पद बढ़ेंगे यह फिलहाल कहना मुश्किल है, लेकिन एडीपीओ भर्ती परीक्षा में सिर्फ 17 पद थे, बाद में सीधे 90 पद बढ़ाकर 107 कर दिए गए। यही नहीं स्टेट इंजीनियरिंग में भी रिजल्ट से पहले 4 पद बढ़ाए गए थे। साथ ही राज्य सेवा में एक, फूड सेफ्टी ऑफिसर में 56 व मेडिकल ऑफिसर में रिकॉर्ड 990 पद बढ़ाए गए थे। पीएससी विशेषज्ञों का कहना है कि विज्ञापन जारी होने के बाद पद बढ़ाने का सिलसिला पिछली कुछ परीक्षाओं से शुरू हुआ है। इससे अभ्यर्थियों को ही फायदा मिलता है। न केवल प्रतिस्पर्धा कम होती है, बल्कि कम पद वाली स्थिति में महज कुछ अंकों से पीछे रह जाने वाले अभ्यर्थियों को पदों की बढ़ोतरी से अवसर मिल जाता है। अगले साल की राज्य व वन सेवा सहित प्रमुख परीक्षाओं के इंटरव्यू दिसंबर अंत में ही आएंगे।

बॉटनी के इंटरव्यू हुए, लेकिन सूची होल्ड पर

पीएससी ने असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा-2024 के बॉटनी विषय के 190 पदों के लिए इंटरव्यू की 30 अक्टूबर से अब तक पूरे कर लिए हैं। अब केमेस्ट्री विषय के इंटरव्यू है। क्योंकि बाकी सभी विषयों के इंटरव्यू हो चुके हैं। पीएससी अब दिसंबर में 2025 की असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा के इंटरव्यू शुरू करने जा रहा है।



व्यापारियों को मिलेगी आधुनिक सुविधाघर की सुविधा

इंदौर। राऊ विधानसभा के शहरी वार्ड 74 से जुड़े पिपलिया पाला क्षेत्र और भोलाराम उस्ताद मार्ग सर्कल के सैकड़ो व्यापारियों और आसपास रहने वाले स्टूडेंट्स की सुविधा के लिए क्षेत्र में मुख्य मार्ग पर रिंग रोड सर्विस रोड के पास एक आधुनिक सुलभ शौचालय सुविधा घर का निर्माण कार्य इन दिनों तेजी के साथ किया जा रहा है। जिससे क्षेत्र के व्यापारियों के साथ यहां से गुजरने वाले लोगों को भी एक आधुनिक सुविधा घर की सुविधा आने वाले दिनों में जल्दी मिलने वाली है। जिसका वर्तमान में निर्माण कार्य बेहद तेजी के साथ एकदम अंतिम दौर में चल रहा है। जिसका फायदा यह होगा कि क्षेत्र के व्यापारियों और यहां खरीदी करने आने वाले लोगों को इधर उधर शौच करने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा मैन रोड़ पर नवीन आधुनिक सुविधाघर बनने से भविष्य में सभी को इसका फायदा मिलेगा।

पुराना तोड़कर हो रहा नया निर्माण

वहीं क्षेत्र के व्यापारियों का कहना है कि पुराना तोड़कर लंबे समय से काम नहीं होने से लोगों को परेशानी हो रही थी। व्यापारियों की मांग पर अब जाकर निर्माण कार्य शुरू हुआ है। जिसको लेकर निर्माण कार्य वर्तमान में तेजी के साथ चल रहा है ताकि लोगों को जल्द आधुनिक सुविधाघर की सुविधा मिलने वाली है। जिसका वर्तमान में तेजी के साथ काम हो रहा है। जिसका फायदा क्षेत्र के व्यापारियों और रहवासियों को मिलेगा।

आधा दर्जन जगह नवीन यात्री प्रतीक्षालय की सौगात

इंदौर। राऊ विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्र में लगभग आधा दर्जन जगह पर दीपवाली के बाद बेहद जल्द ग्रामीण यात्रियों की सुविधा के लिए नवीन आधुनिक सुविधाओं वाले यात्री प्रतीक्षालय टीन शेड की छत वाले बस स्टॉप की सौगात देने की तैयारी है। यही नहीं इस कार्य को लेकर विधायक मधु वर्मा के प्रयासों से इंदौर लोक निर्माण विभाग के अफसरों ने अपनी अद्वर से ऑनलाइन निविदा जारी कर जल्द निर्माण कार्य शुरू कर सौगात देने की तैयारी भी शुरू कर दी है। खास बात यह है कि राऊ विधानसभा के विधायक मधु वर्मा के प्रयासों से लोक निर्माण विभाग के द्वारा क्षेत्र की विभिन्न प्रमुख जगहों पर क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर आधुनिक सुविधाओं वाले नवीन बस स्टॉप यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण कार्य आने वाले दिनों में बेहद जल्द दीपावली के बाद शुरू करने की तैयारी है। जिसको लेकर अभी निविदा संबंधित प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। इसके अलावा कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग द्वार जारी निविदा के अनुसार राऊ विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्र में विधायक निधि से ग्राम असरावद खुर्द लोटस कालोनी राम मंदिर के पास टीन शेड एवं सीसी रोड और आकर्षक फुटपाथ का निर्माण भी किया जाएगा। इसके अलावा बिजलपुर क्षेत्र में भी नए बस स्टॉप बनेंगे।जिसको लेकर विभागीय तैयारी शुरू हो गई है। वहीं दीपावली के बाद जल्द काम भी शुरू हो जाएगा।

400 केवी लाइनों को शिफ्टिंग करवाएगा आईडीए

इंदौर। सिंहस्थ 2028 से पहले इंदौर बायपास के बड़े आबादी क्षेत्र को सीधे बिना जाम में फंसे इंदौर - उज्जैन रोड से कनेक्ट करने के लिए इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा लगातार तेजी के साथ काम करवाने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन इस आधी से ज्यादा तैयार सड़क में बाधक बन रहे अवैध निर्माण और लाइनों को शिफ्ट करने के काम में भी दीपावली के बाद तेजी दिखेगी। इसी कड़ी में इंदौर उज्जैन रूट की प्रमुख सड़क एमआर-11 निर्माण में बाधक बन रही भारी भरकम हैवी लोड वाली 400 केवी की लाइनों को अब बेहद जल्द शिफ्टिंग करने का काम आईडीए द्वारा निविदा प्रक्रिया पूरी कर बेहद जल्द आने वाले दिनों में शुरू किया जाएगा। जिसको लेकर वर्तमान में निविदा संबंधित तैयारियां शुरू हो गई है। यही नहीं इस कार्य पर लगभग सवा करोड़ के आसपास खर्च होंगे। बड़ी बात यह है कि सिंहस्थ 2028 से पहले इंदौर-उज्जैन रूट को एमआर 11 और 12 के माध्यम से बायपास के पूरे ट्रैफिक को बिना एम आर 10 और शहरी क्षेत्र में प्रवेश करें नई तैयार होने वाली एमआर-11 और एमआर-12 के रास्ते बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन पहुंचाएगा। वहीं इसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि सिंहस्थ से पहले एमआर-11 और एमआर 12 की बाधा दूर कर समय पर निर्माण होने का फायदा एमआर-10 सड़क से गुजरने वाले लोगों को मिलेगा। बायपास का आधे से ज्यादा ट्रैफिक एमआर-11 और 12 से आसानी से गुजरेगा। वहीं इससे एमआर 10 से ट्रैफिक का लोड घटेगा और सिंहस्थ के दौरान इतना जाम भी नहीं लगेगा।

आधा दर्जन गलियों की सड़क मुख्य मार्ग से जुड़ी

इंदौर। विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 51 से जुड़े विराट नगर बगीचे के सामने न्यू अभिषेक नगर की आधा दर्जन से ज्यादा गलियों की सड़क अब विधायक महेंद्र हार्डिया और पार्षद मलखान कटारिया के प्रयासों से पहले से दुगनी चौड़ी सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत विराट नगर बगीचा क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर विराट नगर बगीचे के सामने से लेकर आधा दर्जन गलियों को जोड़ने वाली हनुमान मंदिर और दरगाह से जुड़ी नेमावर रोड़ मुख्य मार्ग से जुड़ने वाली एक और सड़क का निर्माण कार्य भी इन दिनों तेजी के साथ पूरा किया जा रहा है। ताकि लोगों को भविष्य में दिक्कत न हो। बड़ी बात यह है कि विराट नगर कॉलोनी और अभिषेक नगर कॉलोनी के रहवासी क्षेत्रीय पार्षद मलखान कटारिया से लंबे समय से मुख्य मार्ग निर्माण रोड से जोड़ने वाली सड़क निर्माण करवाने की मांग कर रहे थे। जिसको लेकर क्षेत्रीय पार्षद कटारिया और विधायक हार्डिया द्वारा निगम से मंजूरी करवाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। इसके बाद आधा दर्जन गलियों के साथ मुख्य मार्ग नेमावर रोड



से जुड़ने वाली सड़क का काम भी पूरा किया जा रहा है ताकि लोगों को भविष्य में आने -जाने में परेशानी न हो। साथ ही नेमावर रोड से सीधे जुड़ने वाली वैकल्पिक तौर पर एक और नई सड़क की सौगात रहवासियों को मिल जाए जिसका काम अब एकदम अंतिम चरण में है।

लॉ कॉलेजों के लिए स्पेशल टीम ने शुरू किया निरीक्षण

रिपोर्ट भी तैयार, नए नियम के आधार जांच की जा रही, बीसीआई को जाएगी

इंदौर। बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) ने देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी सहित सभी विश्वविद्यालयों को जो कड़े निर्देश दिए थे, उनके आधार पर निरीक्षण शुरू हो गया है। यह जल्द खत्म होगा। क्योंकि अब कुछ दिनों में ही डीएवीवी को संबद्धता प्राप्त सभी कॉलेजों की स्पेशल कमेटी से जांच करवाकर रिपोर्ट पेश करना है। अगले शैक्षणिक सत्र यानी 2027-28 की मान्यता बीसीआई इसी रिपोर्ट

बारीकी से निरीक्षण हो रहा

के आधार पर देगा। डीएवीवी ने तीन सदस्यीय कमेटी पहले ही बना दी थी। डीएवीवी से संबद्धता प्राप्त अब 28 लॉ कॉलेज हैं। बीसीआई ने डीएवीवी से कहा था कि सिर्फ हलफनामा देने से काम नहीं चलेगा। इसलिए इस बात का खास ध्यान रख रहा है।

टीम इस बात की भी जांच कर रही है कि गाइडलाइन के अनुसार तय संख्या में फैकल्टी हैं या नहीं? कॉलेज कोड के तहत फैकल्टी की जांच बहुत सावधानी से की जा रही है। यह भी देखना होगा कि क्लासरूम, लाइब्रेरी, रीडिंग एरिया, मौजूदा टैक्स्ट बुक, जर्नल रिपोर्ट और इलेक्ट्रॉनिक डेटाबेस के साथ ही कम्प्यूटर, इंटरनेट एक्सेस, मूट कोर्ट रूम, कॉमन रूम, जमीन और इमारत हैं या नहीं। प्रिंसिपल और मुख्य फैकल्टी की असल मौजूदगी, योग्यता, नियुक्ति पत्र, जॉइनिंग रिपोर्ट और सर्विस रिकॉर्ड जांच कर रिपोर्ट तैयार की गई है। बीसीआई ने साफ कहा था कि किसी भी लॉ कॉलेज में पार्ट टाइम पढ़ाई स्वीकार नहीं है। ऐसे में शनिवार या शाम को दो घंटे लगने वाली क्लास नहीं चलाई जा सकती। उसे तुरंत बंद कर दिया जाना चाहिए। ऐसी अमान्य व्यवस्थाओं में एडमिशन की इजाजत नहीं दी जाएगी। इसलिए टीम यह भी देख रही है हालांकि इंदौर में ऐसा एक भी कॉलेज नहीं है।

यह भी थे निर्देश

स्पष्ट कहा गया था कि अगर सुविधाओं और फैकल्टी में कमी पाई जाती है तो यूनिवर्सिटी संबद्धता रोक देगी। अब रिपोर्ट बीसीआई को भेजी जाएगी। अगर खामी पाई गई तो निर्देश के अनुरूप आगे की कार्रवाई की जाएगी। वैसे डीएवीवी से संबद्धता प्राप्त कॉलेजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। चार साल में संख्या 16 से 32 पर पहुंच गई। पहले एक और फिर तीन कॉलेज बंद हो गए। फिलहाल 28 कॉलेज हैं। शिक्षाविद् डॉ. एसएल गर्ग कहते हैं कि लॉ कोर्स बेहद अहम है। इसकी मान्यता सीधे बीसीआई से मिलती है। जिस तेजी से कॉलेज खुले, उसके बाद सुविधाओं और फैकल्टी की कमी पर सवाल उठे। ऐसे में अब खामियां देखी जा रही हैं, लेकिन बीसीआई का मुख्य फोकस क्वालिटी टीचिंग पर है और उसी कारण फैकल्टी की संख्या से जुड़ी कमी ही देखी जाएगी।

संपादकीय

पर्यावरण की बात पर सियासत दीया मिर्जा के दिवाली संदेश को अदालत से राहत

सार्वजनिक जीवन से जुड़े लोगों का दायित्व है कि वे समाज में जागरूकता फैलाने वाले संदेशों को प्रोत्साहित करें, न कि उन्हें नाहक ही विवाद का विषय बनाएं। कोई भी त्योहार उत्साह, प्रेम, सद्भाव और सकारात्मकता का संदेश देता है। भारत में सभी धर्मों के उत्सवों का सम्मान करने की परंपरा रही है। साथ ही इस बात का खयाल रखने पर भी जोर दिया जाता रहा है कि खुशियों की अभिव्यक्ति में पर्यावरण को नुकसान न हो। ऐसे में अभिनेत्री दीया मिर्जा के पर्यावरण अनुकूल दिवाली मनाने के वीडियो संदेश को सांप्रदायिकता से जोड़कर नाहक ही विवाद खड़ा करने के प्रयासों को किसी भी सूरत में उचित नहीं ठहराया जा सकता। पर्यावरण संरक्षण किसी धर्म, जाति या समुदाय का विषय नहीं, बल्कि पूरी मानवता की साझा जिम्मेदारी है। वैसे भी दीया मिर्जा का यह संदेश बृहन्मुंबई महानगरपालिका के अभियान का हिस्सा था, जिसे बाद में राजनीतिक दबाव के कारण हटा दिया गया। मगर बंबई उच्च न्यायालय ने इस वीडियो संदेश को न केवल फिर से जारी करने का निर्देश दिया, बल्कि इस विवाद पर गंभीर चिंता भी जाहिर की। दरअसल, यह विवाद सार्वजनिक बहस के उस रूप को दर्शाता है, जहां हर चीज को उसके मूल उद्देश्य के बजाय धर्म और राजनीतिक नफा-नुकसान के तराजू में तौला जाता है। बड़ा प्रश्न यह है कि क्या प्रदूषण केवल किसी एक समुदाय को प्रभावित करता है? क्या स्वच्छ हवा का भी कोई धर्म होता है? इस मामले में अदालत का हस्तक्षेप केवल एक वीडियो संदेश की बहाली नहीं, बल्कि सार्वजनिक विवेक की पुनर्स्थापना का प्रयास भी है। राजनेताओं और धार्मिक संगठनों को यह समझना होगा कि हर मुद्दे को सांस्कृतिक संघर्ष में बदल देना सियासी लाभ का आसान रास्ता भले लगे, लेकिन वास्तव में इससे सामाजिक विश्वास और सद्भाव ही कमजोर होता है। दिवाली के दौरान पटाखों के अत्यधिक इस्तेमाल से वायु और ध्वनि प्रदूषण की समस्या गंभीर हो जाती है और इस मसले पर सर्वोच्च न्यायालय की ओर से भी दिशा-निर्देश दिए गए हैं। ऐसे में पर्यावरण के प्रति सजगता और लोगों से जिम्मेदारी के साथ त्योहार मनाने की अपील करना एक सकारात्मक पहल है। सार्वजनिक जीवन से जुड़े लोगों का दायित्व है कि वे समाज में जागरूकता फैलाने वाले संदेशों को प्रोत्साहित करें, न कि उन्हें नाहक ही विवाद का विषय बनाएं।





गुंडे-बदमाश ने ली अपराध छोड़ने की शपथ

पुलिस का कड़ा एक्शन... दर्जनों गुंडे-निगरानी बदमाशों की कराई परेड

इंदौर। त्योहारों के मद्देनजर शहर में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए इंदौर पुलिस ने अपराधियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ बड़ा अभियान शुरू किया है। पुलिस आयुक्त के निर्देश पर शहर भर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में एक साथ गुंडा-निगरानी अभियान चलाया गया। इस दौरान दर्जनों चिन्हित बदमाशों को थानों पर तलब कर उनकी परेड कराई गई और उनके डोजियर अपडेट किए गए।

यह सघन चेकिंग अभियान सदर बाजार, गांधी नगर, एरोड्रम, द्वारकापुरी और पंढरीनाथ थाना क्षेत्रों में एक साथ चलाया गया। कार्रवाई के दौरान संबंधित थानों के पुलिस बल ने अपने-अपने इलाकों के लिस्टेड गुंडों और निगरानी बदमाशों को थानों में इकट्ठा किया। अधिकारियों की मौजूदगी में सभी बदमाशों की हालिया आपराधिक गतिविधियों का लेखा-जोखा खंगाला गया और उनके फोटोग्राफ्स व नए डोजियर तैयार किए गए। कार्रवाई के दौरान पुलिस अधिकारियों ने सख्त रुख अपनाते हुए सभी बदमाशों को कड़ी चेतावनी दी। पुलिस ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि कोई भी बदमाश दोबारा किसी आपराधिक गतिविधि, दादागिरी या अवैध नशीले पदार्थों के कारोबार में संलिप्त पाया गया, तो उसके खिलाफ जिला बदर और रासुका जैसी कठोरतम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। थानों में मौजूद सभी बदमाशों को भविष्य में अपराध की दुनिया से दूर रहने और किसी भी प्रकार का नशा न करने की शपथ दिलाई गई। पुलिस का कहना है कि शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

बैंक खाते से उड़ाए 98 हजार रुपए

इंदौर। महू के कोदरिया में साइबर ठगों ने 65 वर्षीय बुजुर्ग को अपना निशाना बनाते हुए उनके बैंक खाते से 98 हजार रुपये उड़ा लिए। पीड़ित बुजुर्ग की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, यह धोखाधड़ी विरेंद्र सिंह पिता मनोहर सिंह सेंगर (65) निवासी कोदरिया के साथ हुई है। पीड़ित बुजुर्ग ने पुलिस को बताया कि किसी अज्ञात शातिर व्यक्ति ने तकनीकी जालसाजी कर उनके बैंक खाते में सेंध लगाई और धोखाधड़ी करते हुए कुल 98 हजार रुपये निकाल लिए।

दीपावली का सामान छोड़कर लौट रहे ट्रैक्टर ड्राइवर की दर्दनाक मौत

ट्राली के नीचे दबने से गई जान

इंदौर। खुड़ैल मार्ग पर बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है, जहां मुनीम का सामान छोड़कर लौट रहे ट्रैक्टर ड्राइवर की गाड़ी पलटने से मौत हो गई। वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया और ड्राइवर मलबे व ट्राली के नीचे बुरी तरह दब गया, जिससे मौके पर ही उसकी सांसें थम गईं। पुलिस ने मर्ग कायम कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।



पुलिस के अनुसार, यह हादसा उमरिया गांव के पास हुआ। खुड़ैल क्षेत्र के तिलौर में रहने वाला 45 वर्षीय रमेश पिता कालू भूरिया अंबाचंदन क्षेत्र में सामान छोड़ने गया था। रात के वक्त जब वह ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर वापस अपने ठिकाने लौट रहा था, तभी रास्ते में वाहन अचानक बेकाबू होकर पलट गया और रमेश उसकी चपेट में आ गया। परिजनों और स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक रमेश मूल रूप से धार जिले का रहने वाला था और पिछले कई वर्षों से तिलौर में रहकर परिवार का गुजर-बसर कर रहा था। वह संतोष पटेल के यहां ट्रैक्टर चलाने का काम संभालता था। बताया जा रहा है कि मुनीम के कहने पर ही वह त्योहारी सीजन की सफाई और खरीदारी से जुड़ा सामान छोड़ने रात के वक्त गया था। इस अचानक हुए हादसे से मृतक के घर में कोहराम मच गया है। रमेश के परिवार में उसकी पत्नी और चार छोटे बच्चे हैं, जिनके सिर से पिता का साया उठ गया है।

न्यायालय प्रकरण वापस लेने से मना पर घर में हुई तोड़फोड़

कोर्ट में गवाही देने पर जान से मारने की धमकी, पांच पर प्रकरण दर्ज

इंदौर। विजय नगर थाना क्षेत्र में पुराने मामले में राजीनामा करने और कोर्ट में गवाही न देने का दबाव बनाने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने फरियादी के घर पहुंचकर न सिर्फ धमकी दी, बल्कि दरवाजे पर लातें मारीं और बीच-बचाव करने आए पड़ोसियों के साथ भी अभद्रता कर हाथ-पैर तोड़ने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर पांच आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, यह घटना रामनगर बड़ी भमोरी इलाके की है। मामले की शिकायत नयन पिता अरुण शिन्दे, निवासी रामनगर बड़ी भमोरी ने दर्ज कराई है। फरियादी नयन ने पुलिस को बताया कि आरोपी अर्जुन परोचिया, संजय, चीकू, आकाश और लक्की ठाकुर उनके घर पहुंचे। आरोपियों ने आते ही दबाव बनाते हुए कहा कि उन्होंने थाने में जो रिपोर्ट लिखवाई है, उसमें वे कोर्ट में जाकर राजीनामा पेश कर दें। आरोपियों ने धमकी दी कि यदि राजीनामा पेश नहीं किया और उनके खिलाफ कोर्ट में गवाही दी, तो वे उसे जान से खत्म कर देंगे। इतना कहने के बाद आरोपियों ने उनके दरवाजे पर लातें मारीं। हंगामा सुनकर मकान के पास रहने वाले पड़ोसी शुभम कोनगुडे और दिनेश कोहले मौके पर आ गए और उन्होंने आरोपियों को समझाने का प्रयास किया। इस पर आरोपी भड़क गए और पड़ोसियों से भी कहा कि वे नयन को समझा दें कि वह उनके खिलाफ कोर्ट में गवाही न दे। आरोपियों ने चेतावनी दी कि यदि दोबारा रिपोर्ट की या गवाही दी, तो साले के हाथ-पैर तोड़कर जान से खत्म कर देंगे।

कोल्ड स्टोरेज में आग; चार घंटे की मशक्कत के बाद पाया गया काबू

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

राऊ थाना क्षेत्र स्थित एक कोल्ड स्टोरेज में बीती रात अचानक भीषण आग भड़क उठी, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। आग इतनी भयानक थी कि दमकल की गाड़ियों को करीब चार घंटे तक कड़ी मशक्कत करनी पड़ी और इस दौरान आग बुझाने में लगभग 50 हजार लीटर पानी का इस्तेमाल किया गया।

फायर ब्रिगेड को बीती रात करीब 1 बजे कोल्ड स्टोरेज में आग लगने की सूचना मिली थी। खबर मिलते ही तुरंत दमकल वाहन मौके पर रवाना किए गए। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि उस पर काबू पाने में काफी वक्त लगा। दमकल कर्मियों की टीम ने लगातार चार घंटे की कोशिशों के बाद आखिरकार आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया। गनीमत यह रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। फिलहाल आग लगने के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल पाया है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

बस में उलझा हाईवोल्टेज बिजली का तार, यात्रियों को सुरक्षित निकाला

इंदौर। रावजी बाजार थाना क्षेत्र के मोती तबेला में देर रात पुलिस जवानों की सतर्कता और त्वरित सूझबूझ से एक बड़ा और भयानक हादसा टल गया। इंदौर से नीमच जा रही एक यात्री बस के ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइन का तार बस में उलझ गया। मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों ने फौरन बस रुकवाकर यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला और बिजली विभाग की मदद से तार को अलग कराया।

यह घटना बीती रात लगभग 11:30 बजे मोती तबेला क्षेत्र की है। इंदौर से नीमच के लिए रवाना हुई एक यात्री बस जब मोती तबेला से गुजर रही थी, तभी अचानक ऊपर से गुजर रही बिजली की बड़ी लाइन का तार बस के ऊपरी हिस्से में अटक गया। उस वक्त वहां गश्त पर तैनात रावजी बाजार थाने के आरक्षक सौरव शर्मा और भरत जाट ने स्थिति की गंभीरता को तुरंत भांप लिया। दोनों जांबाज आरक्षकों ने बिना समय गंवाए तत्परता दिखाते हुए बस को तुरंत रुकवाया और उसमें सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित नीचे उतरवाया। इसके बाद जवानों ने तुरंत बिजली विभाग को सूचना दी और मौके पर सुरक्षात्मक उपाय करते हुए घेराबंदी की। सूचना मिलते ही बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पूरी सुरक्षा मानकों के साथ तार को बस से अलग किया गया। इसके बाद ही बस को उसके गंतव्य स्थान नीमच के लिए सुरक्षित रवाना किया जा सका। पुलिसकर्मियों की इस साहसिक और त्वरित कार्रवाई से दर्जनों यात्रियों की जान बच गई। जवानों के इस उत्कृष्ट कर्तव्य-निष्ठा और सराहनीय कार्य के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को उन्हें पुरस्कृत करने हेतु प्रतिवेदन भेजा जा रहा है।

सोना-चांदी के आज के भाव



गोल्ड कैश	एमसीएक्स
145500	144550
सिल्वर कैश	**एमसीएक्स**
192000	190000

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

रोहित ने भले ही कोई रन नहीं बनाया लेकिन गेम का मोमेंटम बदल दिया-गिल

ऑकलैंड। भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे सीरीज का पहला मैच टीम इंडिया ने डकवर्थ लुईस नियम के तहत 5 विकेट से जीत लिया। इसके साथ ही भारत ने 5 मैच की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली। इस मैच में न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 185 रन बनाए थे। इसके बाद बारिश के कारण दूसरी पारी 32 ओवर की कर दी गई और भारत के सामने 145 रन का लक्ष्य था। टीम इंडिया ने 22.4 ओवर में 5 विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। भारत के लिए सबसे ज्यादा 74 रन विराट कोहली ने बनाए। हालांकि, मैच खत्म होने के बाद कप्तान गिल ने जीत का श्रेय रोहित शर्मा को दे दिया, जो अपना खाता तक नहीं खोल सके थे।

मैच खत्म होने के बाद शुभमन गिल की गेंदबाजी और फील्डिंग से बहुत खुश नजर आए। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हम बॉलिंग में बहुत अच्छे थे। और मुझे लगता है कि हमारी फील्डिंग भी बहुत अच्छी थी। रोहित भाई के उस रन आउट ने मुझे लगता है कि गेम का मोमेंटम बदल दिया। मुझे लगता है कि यह असल में वह पार्टनरशिप (मिशेल और फिलिप्स के बीच साझेदारी) थी।



हमने इंडिया में भी यह देखा। उन दोनों ने इंडिया में बहुत अच्छी बैटिंग की थी और कुल मिलाकर मुझे लगता है कि हमारी टीम की परफॉर्मेंस बहुत अच्छी रही।

युवा गेंदबाजों के प्रदर्शन से गदगद कप्तान

अंशुल कंबोज और गुरनूर बरार की परफॉर्मेंस पर कप्तान गिल ने कहा, 'मुझे लगता है कि अंशुल एक ऐसे बॉलर हैं, जो इस तरह के हालातों के लिए बने हैं। वह हमेशा फुर्तीले रहते हैं, बॉल को सीम करने की कोशिश करते हैं और पुरानी बॉल के साथ अच्छा प्रदर्शन करते हैं। हमें लगा कि जब विकेट से ज्यादा कुछ नहीं हो रहा होता है, तो गुरनीर ने अपनी पेस से एक्स्ट्रा बाउंस हासिल किया और जिस तरह से आज दोनों ने बॉलिंग की, वह देखने में वाकई शानदार था।

विराट कोहली ने आसान किया काम

बारिश के दौरान हालात के हिसाब से ढलने पर गिल ने कहा, 'जब आप सेट हो जाते हैं और फिर बारिश हो जाती है और विकेट थोड़ा तेज हो जाता है, बारिश के बाद थोड़ा और ठंडा हो जाता है, तो टारगेट कम हो गया। तो हम बस अपना नॉर्मल क्रिकेट खेलने की कोशिश कर रहे थे। और मुझे लगता है कि जिस तरह से विराट भाई ने बैटिंग की, उससे हमारे लिए चीजें बहुत आसान हो गईं।'

अगले मैच में भी यही प्रदर्शन दोहराने की कोशिश

कप्तान गिल से जब पूछा गया कि वह वेलिंगटन में मैच से पहले किन चीजों पर काम करना चाहेंगे तो उन्होंने कहा, 'सच में कुछ नहीं, अगर हम अपनी परफॉर्मेंस को दोहरा पाते हैं, तो यह हमारे लिए कंसिस्टेंसी की बात है। अगर हम बार-बार वही काम कर पाते हैं, तो मुझे लगता है कि हम बहुत अच्छी जगह पर होंगे।'

फाइनल में टीम इंडिया आज जापान से भिड़ेगी

मोहाली। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2026 के फाइनल में जगह बना ली है। बुधवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में भारत ने दक्षिण कोरिया को 8-1 से करारी शिक्स्त दी। कप्तान हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में भारतीय खिलाड़ियों ने पूरे मैच में दमदार प्रदर्शन किया और कोरियाई टीम को वापसी का कोई मौका नहीं दिया।

पहले हाफ में ही भारत ने बनाई मजबूत बढ़त

मुकाबले की शुरुआत से ही भारतीय टीम आक्रामक नजर आई। शिलानंद लाकरा ने चौथे मिनट में गोल करके भारत का खाता खोला। हालांकि, दक्षिण कोरिया ने नौवें मिनट में सांगजुन हन के गोल से बराबरी हासिल कर ली। इसके तुरंत बाद भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने गोल में बदलकर टीम को 2-1 से आगे कर दिया।

13वें मिनट में शिलानंद ने अपना दूसरा गोल दागते हुए भारत की बढ़त 3-1 कर दी। दूसरे क्वार्टर में भी भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा जारी रहा। सुखजीत सिंह ने 21वें मिनट में गोल करके स्कोर 4-1 किया। इसके बाद दिलप्रीत सिंह ने शानदार खेल दिखाते हुए 21वें और 25वें मिनट में लगातार दो गोल दागे। इस तरह मध्यांतर तक भारत ने 6-1 की बड़ी बढ़त हासिल कर ली।

दूसरे हाफ में भी भारतीय टीम ने अपनी आक्रामक रणनीति जारी रखी। खिलाड़ियों ने गेंद पर नियंत्रण बनाते हुए कोरियाई डिफेंस पर लगातार दबाव बनाया। दक्षिण कोरिया की टीम ने वापसी की कोशिश की, लेकिन भारतीय खिलाड़ियों के सामने उसकी एक नहीं चली। अंततः भारत ने मुकाबला 8-1 से अपने नाम कर लिया।



पटाखा मार्केट में पुलिस अधिकारियों का दौरा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। पुलिस उपायुक्त जोन-4 नरेंद्र रावत द्वारा दशहरा मैदान स्थित पटाखा मार्केट एवं आसपास के बाजारों की सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान एडीसीपी जोन-4 दीशेष अग्रवाल एवं एसीपी अन्नपूर्णा शिवेंदु जोशी सहित पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। पटाखा दुकानदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश फायर सेफ्टी को लेकर भी दिए गए। अन्य थाना क्षेत्र में भी जहां पटाखा की दुकान लगी है वहां भी दौरा किया गया। एसीपी सराफा यश बिजोलिया ने भी पटाखा दुकानों का भ्रमण किया। वहीं अधीनस्थ अधिकारियों को कहा कि बदमाशों पर नजर रखी जाए, सख्ती की जाए।

11 बसों पर जुर्माना, बिना परमिट भी संचालित हो रही थी बस को किया जब्त



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। परिवहन विभाग टीम ने स्टार चौराहा पर विशेष जांच अभियान चलाकर लोक परिवहन वाहनों, विशेषकर ऑल इंडिया टूरिस्ट बसों की जांच की। किराया को लेकर भी जांच की गई, परमिट, फिटनेस, ओवर लोडिंग, अनियमितताएं भी देखी गई। शर्तों का उल्लंघन करने तथा यात्रियों से अधिक किराया वसूलने के मामलों में 11 बसों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 1 लाख 20 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। वहीं इंदौर से गोरखपुर के बीच बिना परमिट संचालित हो रही एक बस को जब्त किया गया।



अवैध शराब के लिए ढाबा और होटल पर पहुंची टीम

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कल आबकारी विभाग ने राजीव गांधी सर्कल, रीजनल पार्क, रिंग रोड क्षेत्र के ढाबा-होटल काका दी महफिल, यश ढाबा, वीर ढाबा, वीआईपी ढाबा, जयकारा ढाबा, अरोड़ा ढाबा, ढाबा शाबा, होटल सुकून एवं सिग्नेचर सहित विभिन्न प्रतिष्ठानों की जांच की गई। कई जगह अनियमितताएं पाई गई तो उन पर कार्रवाई भी की गई। वहीं आबकारी की दूसरी टीम ने कैट रोड क्षेत्र में मुरारी ढाबा, प्रिंस ढाबा, वीरा ढाबा, पंजाबी रसोई, गन्नू का ढाबा में कार्यवाही कर अवैध मदिरापान के रहे व्यक्तियों और ढाबा संचालकों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की। कुल 14 प्रकरण इस टीम ने दर्ज किए।

दीपावली पर 183 बिजली कार्मिकों को उच्च वेतनमान का तोहफा

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने 183 कार्मिकों को दीपावली पर्व के मौके पर पात्रतानुसार उच्च वेतनमान का तोहफा दिया हैं। मुख्य महाप्रबंधक प्रकाशसिंह चौहान ने बताया कि प्रबंध निदेशक अनूपकुमार सिंह ने सेवा में तय समयावधि पूर्ण होने पर नियमानुसार देय उक्त नया उच्च वेतनमान मंजूर किया हैं। जिन कार्मिकों को नया वेतनमान मंजूर किया गया हैं उनमें सहायक अभियंताओं को कार्यपालन अभियंता, उप संचालक वित्त को संयुक्त संचालक वित्त, कार्यपालन अभियंता को अधीक्षण अभियंता, कनिष्ठ अभियंताओं को लंबी सेवा अवधि होने पर कार्यपालन अभियंताओं का, कनिष्ठ अभियंताओं को सहायक अभियंता का, सहायक श्रेणी वर्ग 2 को अनुभाग अधिकारी का, सहायक श्रेणी वर्ग दो को 35 वर्ष अवधि पूर्ण होने पर लेखाधिकारी का, वरिष्ठ लाइनमैन को सुपरवाइजर का, परीक्षण सहायक को 35 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण होने पर कनिष्ठ यंत्री, वरिष्ठ परीक्षण सहायक को वरिष्ठ सब स्टेशन सुपरवाइजर शामिल हैं। अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक संजय मालवीय ने बताया कि नए आदेश से प्रत्येक कार्मिक को करीब दो हजार से लेकर दस हजार तक का वेतन बढ़ा हुआ मिलेगा, पात्रतानुसार दिए गए नए वेतनमान को लेकर पिछली प्रभावी माह से देय राशि के एरियर का भी भुगतान होगा।

भावेश, कार्तिकेय, पृथ्वी, श्रीकांत, मनोज, जुलियन एकल के फाइनल में

इंदौर। भारतीय टेनिस संघ व मध्यप्रदेश टेनिस संघ के तत्वावधान में आयोजित तथा वर्ल्ड टेनिस इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन एमटी 700 मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में भावेश गौर, कार्तिकेय सिंह, पृथ्वी शेखर, श्रीकांत रमानी, मनोज सेवा, जुलियन मिजोन, नरेंद्र चौधरी, स्वर्णदीप सिंह ने अपने-अपने आयु वर्ग के एकल वर्ग के फाइनल में प्रवेश कर लिया है ।

इंदौर टेनिस क्लब में खेले जा रहे इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय एमटी 700 मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में स्थानीय खिलाड़ी व शीर्ष वरीयता क्रम के भावेश गौर ने 35 वर्ष आयु के एकल सेमीफाइनल में अपने ही प्रदेश के माधव पाटीदार को 6-2, 6-2 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में उनका सामना चौथी वरीयता प्राप्त कार्तिकेय सिंह वर्मा के साथ होगा । उन्होंने उलटफेर करते हुए दूसरे क्रम के गोविंद प्रसात मौर्य को सीधे सेटो में 6-3, 6-2 से पराजित किया ।

30 वर्ष पुरुष एकल का खिताबी मुकाबला पृथ्वी शेखर और दूसरी वरीयता प्राप्त श्रीकांत रमानी के मध्य होगा । सेमीफाइनल में पृथ्वी ने तीसरी वरीयता क्रम के जगन्मया पानीग्रही को 6-2, 6-0 से हराकर उलटफेर किया। वहीं श्रीकांत ने चौथे क्रम के विवेक गुलिया को 6-1, 6-0 से मात दी। 40 वर्ष आयु वर्ग के सेमीफाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त विकास चौधरी ने दूसरे क्रम के मनोज सेवा को 6-0, 6-0 से हराकर उलटफेर किया और फाइनल में जगह बनाई। जहां उनका सामना शीर्ष क्रम के फ्रांस के जुलियन मिजोन से होगा। जुलियन ने तीसरे क्रम के आदित्य खन्ना को 6-2, 6-3 से हराया । 45 वर्ष आयु वर्ग का खिताबी मुकाबला शीर्ष क्रम के नरेंद्र सिंह चौधरी और



दूसरे क्रम के स्वर्णदीप सिंह के मध्य होगा। सेमीफाइनल में नरेंद्र सिंह ने जर्मनी के डेनियल को 6-1, 6-4 से तथा स्वणदीप सिंह ने तीसरे क्रम के रोशन भसीन को 6-2, 6-3 से हराया था । युगल वर्ग में हुए रोचक मुकाबले

पुरुष युगल के 30 वर्ष आयु के सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता जोड़ी मधन पीवी कुमार व पृथ्वी शेखर ने स्थानीय खिलडाी माधव पाटीदार व विशी पोरवाल को 6-0, 6-2 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। जहां उनका सामना जगन्मया पाणीग्रही व श्रीकांत रमानी से होगा । पाणीग्रही व रमानी ने सेमीफाइनल में सुमेश नायर व व्योमेश राणा को 6-3, 6-1 से हराया ।

40 वर्ष आयु वर्ग का फाइनल मुकाबला शीर्ष वरीयता जोड़ी भारत के आदित्य खन्ना व फ्रांस के जुलियन मिजोन तथा दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी पुनार भसीन व रोहन भसीन से होगा। आदित्य व जुलियन ने सेमीफाइनल में प्रदीप प्रभाकर व बद्री विशाल को 6-0, 6-2 से पराजित किया । वहीं पुनार व रोहन ने आदित्य वाजपेयी व अर्जुन धूपर को 6-0, 6-1 से मात दी । 45 वर्ष आयु के सेमीफाइनल में एन आनंद व एम वाकनकर ने उलटफेर करते हुए शीर्ष जोड़ी निशांत गोयल व दिलीप मोहंती को 6-4, 6-1 से हराया। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में एस. डोडी व ए. खन्ना ने एन. चौधरी व एन. रूंगटा को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 4-6, 6-0, 10-6 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

मिश्रित युगल में भी देखने को मिली कश्मकश– 35 वर्ष आयु के मिक्स्ड डबल्स के सेमीफाइनल मुकाबले में दूसरी वरीयता प्राप्त जया कांत व चेतन ठोकरे ने संजना रावल व ए. सौधातर तीन सेटों के कशमकश मुकाबले में 4-6, 6-0, 10-5 से मात दी । वहीं दसूरे सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त अक्षिता बसवराजू व फ्रांस के जुलियन मिजोन ने ममता साहू व सुदिप्ती साहू को 6-0, 6-0 से हराया । 40 वर्ष आयु के मिक्स्ड डबल्स के सेमीफाइनल में एलिस जॉय व मनोज सेवा ने हरप्रीत वाजपेयी व डी. मोहंती को 6-3, 6-1 से पराजित किया।

वनडे में शतकों का अर्धशतक बनाने से

विश्व विजेता बनने तक कोहली के नाम हैं ये रिकॉर्ड



नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली आज अपना 38वां जन्मदिन मना रहे हैं। कोहली अब तक अपने करियर में कई उपलब्धियां हासिल कर चुके हैं और उनकी गिनती दुनिया के दिग्गज बल्लेबाजों में होती है। कोहली 50 ओवर के प्रारूप में शतकों का अर्धशतक बनाने वाले बल्लेबाज हैं। कोहली ने 2024 में अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले गए टी20 विश्व कप में खिताबी जीत के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले लिया था। इसके बाद उन्होंने टेस्ट प्रारूप को भी अलविदा कहा और वह अब बस वनडे में भी भारतीय जर्सी में नजर आते हैं।

सबसे तेजी से पूरे किए 15000 रन

कोहली के नाम वनडे में सबसे तेज 15000 रन पूरे करने का रिकॉर्ड है। कोहली ने इसी साल ये मुकाम हासिल किया था। कोहली ऐसा करने वाले सचिन तेंदुलकर के बाद दूसरे भारतीय बल्लेबाज हैं। कोहली ने 303 पारियों में वनडे में 15000 रन पूरे किए थे।

वनडे में जड़े हैं सबसे ज्यादा शतक

कोहली के नाम वनडे प्रारूप में सबसे ज्यादा शतक जड़ने का रिकॉर्ड दर्ज है। कोहली ने इस प्रारूप में अब तक 317 मैचों में 15000 से ज्यादा रन बनाए हैं। कोहली के नाम वनडे में 55 शतक लगाने का रिकॉर्ड है। उन्होंने इस मामले में भी सचिन को पीछे छोड़ा था जिन्होंने अपने करियर में वनडे में 49 शतक लगाए थे। कोहली दुनिया के एकमात्र बल्लेबाज हैं जिन्होंने 50 ओवर के प्रारूप में 50 से ज्यादा शतक लगाए हैं।

विराट – सिर्फ खिलाड़ी नहीं, एक युग

विराट कोहली सिर्फ एक बल्लेबाज नहीं, बल्कि आधुनिक भारतीय क्रिकेट की पहचान हैं। उनकी फिटनेस, जुनून और निरंतरता ने भारतीय क्रिकेट को नई ऊंचाई दी है। चाहे रन बनाना हो या दबाव में खड़ा रहना, कोहली ने हर बार यह साबित किया कि वह विराट क्यों हैं।

टी20 में सर्वाधिक अर्धशतक लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज

कोहली ने भले ही अंतरराष्ट्रीय टी20 को अलविदा कह दिया है, लेकिन वह इस प्रारूप में सबसे ज्यादा अर्धशतक लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज हैं। कोहली से आगे इस मामले में पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम हैं। कोहली के बल्ले से टी20 अंतरराष्ट्रीय में 38 अर्धशतक निकले हैं, जबकि बाबर के नाम 39 अर्धशतक हैं।

विराट कोहली ने साल 2011 में वनडे विश्व कप में डेब्यू किया था। बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए उस मैच में कोहली ने शतक जड़ा था। अपने विश्व कप के पहले मैच में शतक ठोकने वाले वह पहले भारतीय बन गए थे। वहीं, कोहली के नाम वनडे में किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड भी दर्ज है। उन्होंने श्रीलंका और वेस्टइंडीज के खिलाफ इस प्रारूप में 10-10 शतक लगाए हैं।

बतौर कप्तान कैसा रहा रिकॉर्ड

कोहली ने कप्तान के तौर पर भले ही कोई आईसीसी ट्रॉफी अपने नाम नहीं की, लेकिन वह उन खिलाड़ियों में शामिल हैं जिनके नाम कप्तान के तौर पर सबसे ज्यादा मैच खेलने का रिकॉर्ड है। कोहली ने टेस्ट, वनडे और टी20 मिलाकर कुल 213 मैचों में भारतीय टीम की कमान संभाली है। उनकी कप्तानी में भारत ने विदेशों में टेस्ट सीरीज जीती और टीम को नई आक्रामकता दी।



प्रियज का ऑल इंडिया योगासन चैंपियनशिप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

इंदौर। न्यू दिगंबर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने ऑल इंडिया योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न स्पर्धाओं में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। राष्ट्रीय स्तर की यह प्रतियोगिता 31 अक्टूबर से 1 नवंबर तक हरियाणा के पलवल में आयोजित की गई, जिसमें 17 राज्यों के 500 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र प्रियज गुप्ता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आर्टिस्टिक पेयर में प्रथम स्थान, चैंपियन ऑफ चैंपियंस में द्वितीय स्थान, आर्टिस्टिक सिंगल में द्वितीय स्थान तथा ट्रेडिशनल योग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्र रुद्र मौर्या ने आर्टिस्टिक पेयर में प्रथम स्थान तथा ट्रेडिशनल योग में चतुर्थ स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

तन्वी ने यूथ ओलंपिक फाइनल में मारी एंट्री

नई दिल्ली। यूथ ओलंपिक गेम्स में भारत की तन्वी पत्री ने ऐतिहासिक कारनामा कर दिया है। बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी गर्ल्स सिंगल्स के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं। 15 साल की इस खिलाड़ी ने सेमीफाइनल में जापान की युजुनो वातानाबे को 21-14, 11-21, 21-19 से हराया। दोनों खिलाड़ियों के बीच इस मुकाबले में कांटे की टक्कर देखने को मिली।



किसी भारतीय के पास गोल्ड मेडल नहीं– तन्वी पत्री यूथ ओलंपिक गेम्स में बैडमिंटन के इवेंट में मेडल जीतने वाली भी पहले भारतीय महिला खिलाड़ी होंगी। उनके पास ऐतिहासिक गोल्ड मेडल जीतने का भी मौका है। अभी तक कोई भारतीय महिला खिलाड़ी सेमीफाइनल में भी नहीं पहुंची थी। लड़के के इवेंट में 2010 में सिंगापुर में हुए पहले यूथ ओलंपिक में एचएस प्रणॉय ने सिल्वर मेडल जीता था, जबकि 2018 में ब्यूनस आयर्स में हुए खेलों में लक्ष्य सेन उपविजेता रहे थे।

चीनी खिलाड़ी से गोल्ड के लिए मुकाबला– गोल्ड मेडल मुकाबले में तन्वी पत्री का सामना चीन की झांग यी शिन से होगा। छठी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने चीनी ताइपे की चेंग चिहयून को 21-11, 21-6 से आसानी से हराया। इस साल जुलाई में एशियन जूनियर चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में तन्वी का सामना चीनी खिलाड़ी से हुआ था। झांग ने दो गेम में ही मैच को अपने नाम कर लिया था।

डकार यूथ ओलंपिक गेम्स की बैडमिंटन प्रतियोगिता में पुरुष और महिला एकल इवेंट शामिल हैं, जिनमें हर कैटेगरी में 32 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। यह प्रतियोगिता दो चरणों में खेली जा रही है। खिलाड़ियों को चार-चार के आठ ग्रुप में बांटा गया था, जिसमें प्रत्येक खिलाड़ी को अपने ग्रुप के शेष तीन खिलाड़ियों का सामना करना था।

इंदौर नोडल टीम का ट्रायल 22 खिलाड़ियों का चयन



इंदौर। राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल के तत्वावधान में, इंदौर नोडल की फुटबॉल पुरुष टीम के चयन हेतु बी.एम. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के मुख्य स्पोर्ट्स नोडल सेंटर के भव्य खेल मैदान पर ऐतिहासिक सिलेक्शन ट्रायल का सफल आयोजन किया गया।

यह ट्रायल 10 नवंबर को बी.एम. कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी में होने वाली राज्य स्तरीय फुटबॉल पुरुष स्पर्धा के लिए इंदौर नोडल टीम के गठन हेतु था, जिसमें इंजीनियरिंग, फार्मेसी, आर्किटेक्चर एवं एम.सी.ए. के विभिन्न महाविद्यालयों से पधारे 75 होनहार खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिनमें से 22 खिलाड़ियों का चयन इंदौर नोडल टीम के लिए किया गया।

इस सम्पूर्ण आयोजन की सफलता के पीछे स्पोर्ट्स ऑफिसर एवं इंदौर नोडल अधिकारी अलंकार रायकवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके कुशल संचालन एवं पारदर्शी चयन प्रक्रिया से ट्रायल अनुशासित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इंदौर, उज्जैन, भोपाल, सागर, जबलपुर, ग्वालियर एवं रीवा से आने वाली टीमों के ठहरने, खाने-पीने एवं मैदान की सर्वोत्तम व्यवस्था की गई।

स्पीन एवेंजर्स, टेबल टाईटन, विक्टॅरी ईगल व पॉवर पेंथर सेमीफाइनल में

इंदौर। इंदौर जिला टेबल टेनिस संगठन के तत्वावधान में आयोजित द्वितीय इंदौर टेबल टेनिस लीग मुकाबलों में स्पीन एवेंजर्स, टेबल टाईटन, विक्टॅरी ईगल व पॉवर पेंथर ने सेमीफाईनल मुकाबलों में प्रवेश किया। स्पर्धा के मुकाबले अभय प्रशाल में खेले जा रहे है।

लीग स्पर्धा के मुकाबलों में स्पीन एवेंजर्स ने रॉयल ब्लेजर को 7-4 से हराया। रिदम गदिया ने अभी जैन को 2-0 से, अकांक्षा ठाकुर ने सिद्धी भदोरिया को 2-1 से, रोशन-विशाल ने तुषार कार्तिकेय को 2-0 से, सार्थक खने ने मीत मिमरोट को 2-1 से, दिशा रघुवंशी ने आरोही मोदी को 2-1 से, साकार भार्गव ने विराट वानखेडे को 2-1 से, अयान डगरिया ने शुभ अग्रवाल को 2-0 से, भाग्यश्री दवे ने राधिका भार्गव को 2-0 से, विशाल जोशी ने तुषार शर्मा को 2-0 से, कार्तिकेय कौशिक ने रोशन जोशी को 2-1 से तथा चेलेंज मैच में स्पीन एवेंजर्स ने रॉयल ब्लेजर को 5-2 से परास्त किया। टेबल टाईटन ने पॉवर पेंथर को 6-5 से हराकर मेच पर कब्जा किया। अबु बकर ने मृदुल पुरोहित को 2-1 से, नेहल नाहर ने आरवी जैन को 2-1 से, प्रशांत प्रथम ने राजेश चैतन्य को 2-0 से, अर्णव शेगांवकर ने आर्जव पाठक को 2-1 से. आर्या जोरे ने ईवा खान को 2-1 से. कियान इंगले ने नक्षत्रराज सिंह को 2-1 से, दुर्वेश लोकरे ने मृनाल सिंह ठाकुर को 2-0 से जीता।

अर्शदीप का अनोखा सेलिब्रेशन हुआ वायरल, मैच के बाद खोला राज

ऑकलैंड। भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे सीरीज का पहला मुकाबला टीम इंडिया ने डकवर्थ लुईस नियम के तहत 5 विकेट से अपने नाम किया। भारतीय गेंदबाजों ने इस मैच में कीवी टीम को 185 रन पर समेट दिया था और बल्लेबाजों का काम बेहद आसान कर दिया था। सबसे ज्यादा 4 विकेट अर्शदीप सिंह ने लिए थे। अर्शदीप ने इस दौरान विकेट लेने के बाद खास अंदाज में जश्न मनाया। उनके जश्न मनाने का अंदाज सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मैच खत्म होने के बाद उन्होंने बताया कि उनका यह खास सेलिब्रेशन उनकी गर्लफ्रेंड समरीन के लिए था।

अर्शदीप ने बताया कि जब उन दोनों में से कोई एक थोड़ा निराश या हताश महसूस करता है तो दूसरा उसका मूड ठीक करने के लिए इस तरीके से डांस करता है। अपने



सेलिब्रेशन पर उन्होंने कहा,'यह मेरी गर्लफ्रेंड के लिए है। हम ये डांस स्टेप्स तब करते हैं, जब हम बाहर घूमते हैं या ऐसा ही कुछ करते हैं। जब भी मूड थोड़ा खराब होता है, हम उस सेलिब्रेशन से एक-दूसरे को खुश करते हैं। तो यह उसके लिए था।'

कैसे मनाया था जश्न?

विकेट लेने के बाद सेलिब्रेशन का अंदाज कुछ ऐसा था कि अर्शदीप दोनों हाथों को पास लाते हुए ऊपर-नीचे करते नजर आए। काइल जैमीसन का विकेट लेने के बाद उन्होंने इस तरीके से जश्न मनाया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और फैन्स इसे काफी पसंद कर रहे हैं। अर्शदीप और पंजाबी एक्ट्रेस-मॉडल समरीन कौर का रिश्ता जुलाई 2026 में ऑफिशियल हुआ था। दोनों ने इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे के साथ तस्वीरें शेयर कीं।

शॉर्ट बॉल से मिली सफलता पर अर्शदीप ने कहा,'मुझे लगा कि विकेट में कुछ तो है, इसलिए हम बस सीम पर जोर से हिट करने और बॉलिंग करने की कोशिश कर रहे थे। और वे उस लेंथ के कुछ शॉट आजमा रहे थे, इसलिए हमें विकेट मिल गए।' दिन के अपने पसंदीदा विकेट पर उन्होंने कहा कि पांचवां विकेट उनका फेवरेट विकेट होता, जो नहीं मिला। इसलिए वह अभी भी एक की तलाश में हैं।

18 अपराधों में लिप्त बदमाश अब ब्राउन शुगर के साथ धराया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत इंदौर क्राइम ब्रांच ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने राजकुमार सब्जी मंडी के पास से एक शातिर बदमाश को दबोचकर उसके कब्जे से 15 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर बरामद की है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ शहर के विभिन्न थानों में एनडीपीएस, आर्म्स एक्ट, चोरी, लूट और डकैती की तैयारी जैसे लगभग 18 गंभीर आपराधिक प्रकरण पहले से दर्ज हैं।



1.5 लाख का 15 ग्राम पाउडर जब्त

क्राइम ब्रांच डीसीपी राजेश त्रिपाठी के अनुसार, पुलिस टीम शहर में गश्त और चेकिंग के दौरान राजकुमार सब्जी मंडी स्थित हनुमान मंदिर के पास पहुँची थी। इसी दौरान वहाँ एक संदिग्ध व्यक्ति खड़ा दिखाई दिया, जो पुलिस को अचानक सामने देखकर हड़बड़ा गया और वहाँ से खिसकने का प्रयास करने लगा। पुलिसकर्मियों ने त्वरित घेराबंदी कर उसे धर दबोचा। पूछताछ में उसने अपना नाम मनोज उर्फ मन्नू निवासी निरंजनपुर, हाल लसूडिया बताया। आरोपी कक्षा 4थी तक शिक्षित है और मजदूरी का काम करता है। संदेहास्पद स्थिति होने पर जब पुलिस ने उसकी तलाशी ली, तो आरोपी ने अपनी जेब से एक सफेद रुमाल निकाला, जिसके अंदर पॉलीथिन में 15 ग्राम अवैध मादक पदार्थ 'ब्राउन शुगर' भरी हुई थी। जप्त की गई ब्राउन शुगर की अंतराष्ट्रीय और स्थानीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब एक लाख पचास हजार रुपये आंकी गई है।पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी मनोज उर्फ मन्नू बेहद शातिर और आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ इंदौर के अलग-अलग थानों में लगभग 18 गंभीर अपराध दर्ज हैं।

इनमें एमआईजी कॉलोनी, तुकोगंज, पलासिया, एमजी रोड, विजय नगर, राऊ, संयोगितागंज, लसूडिया और परदेशीपुरा थाने शामिल हैं। आरोपी के विरुद्ध जुआ एक्ट, मारपीट, चोरी, लूट, डकैती की तैयारी, आर्म्स एक्ट के तहत अवैध हथियार रखने और पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट के मामले पंजीबद्ध हैं। क्राइम ब्रांच ने आरोपी मनोज उर्फ मन्नू को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध थाना अपराध शाखा में धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस अब आरोपी से रिमांड के दौरान पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह यह अवैध ब्राउन शुगर किससे खरीदकर लाता था और इस तस्करी के नेटवर्क में और कौन-कौन लोग जुड़े हुए हैं।

उल्टी साफ करने से मना करने पर पत्नी को बेल्ट से पीटा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

राऊ थाना क्षेत्र अंतर्गत घरेलू हिंसा और क्रूरता का एक बेहद शर्मनाक मामला सामने आया है। शराब के नशे में धुत पति ने उल्टी साफ करने की बात को लेकर हुए विवाद में अपनी पत्नी के साथ बर्बरतापूर्वक मारपीट की। आरोपी ने पत्नी को बेल्ट से पीटा और जमीन पर पटककर उसके गले पर पैर रख दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, यह वारदात संस्कृति रॉयल पैलेस कृष्णा पैराडाइज, राऊ में हुई। मामले की शिकायत पीड़ित पत्नी हरदेवी पति रंजीत यादव ने दर्ज कराई है। फरियादिया ने पुलिस को बताया कि उनका पति रंजीत यादव अत्यधिक शराब पीकर घर लौटा था। घर आते ही उसने पीड़िता से कहा कि यदि उसे उल्टी हो जाए तो वह उसे साफ कर दे। जब पीड़िता ने ऐसा करने से मना किया, तो आरोपी आपा खो बैठा और गालियां देने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट शुरू कर दी और बेल्ट से पत्नी को बुरी तरह पीटा। हैवानियत की हद पार करते हुए आरोपी ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी दी और उसके गले पर पैर रख दिया। इस क्रूर हमले में पीड़िता की आंख, गाल, बाएं हाथ और पीठ पर गंभीर चोटें आई हैं।

शराब पीकर आए पति की करतूत, गले पर रखा पैर

पति ने पत्नी को थप्पड़ मारकर किया बेहोश

रोते बच्चे को उठाने पर पति की दरिंदगी, पत्नी को खींचकर कमरे में बंद किया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

एरोड्रम थाना क्षेत्र में घरेलू हिंसा का मामला सामने आया है। रोते हुए एक साल के मासूम बच्चे को उठाने की बात पर हैवान बने पति ने अपनी पत्नी की बेरहमी से पिटाई कर दी। आरोपी ने पत्नी को थप्पड़ मारकर बेहोश कर दिया, जिससे उसके चेहरे और गले पर गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, यह वारदात अशोकनगर क्षेत्र में हुई। मामले की शिकायत फरियादिया पूजा पति ओमप्रकाश सैनी, निवासी अशोकनगर ने दर्ज कराई है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उनका एक साल का बच्चा रो रहा था, जिसे उठाने के लिए वह आगे बढ़ीं। इसी बात पर उनका पति ओमप्रकाश सैनी भड़क गया और हाथ खींचकर उन्हें कमरे में ले गया। आरोपी ने बच्चे को हाथ लगाने की बात पर गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर गाल पर ज़ोरदार चांटे जड़ दिए, जिससे पीड़िता मौके पर ही बेहोश हो गई। मारपीट के कारण पीड़िता के चेहरे, गाल, आंख और गले पर गंभीर चोटें आई हैं।


स्पा सेंटर ने नहीं दी कर्मचारियों की जानकारी

नहीं कराया सत्यापन तो पुलिस ने कर दिया प्रकरण दर्ज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर में सुरक्षा व्यवस्था और आगामी त्योहारों के मद्देनजर चलाए जा रहे सत्यापन अभियान के तहत कनाड़िया पुलिस ने स्पा सेंटर संचालक पर वैधानिक कार्रवाई की है। पुलिस आयुक्त के आदेश का उल्लंघन कर कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन न कराने पर स्पा सेंटर संचालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

पुलिस के अनुसार, कनाड़िया थाना टीम द्वारा क्षेत्र के मॉल और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की सघन चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान स्कीम नंबर 140 स्थित जोडियाक मॉल के प्रथम तल पर संचालित आइकॉनिक स्पा सेंटर की जांच की गई। जांच में पाया गया कि स्पा सेंटर संचालक हेमंत पिता बाबूलाल गौर, निवासी गुलमर्ग परिसर ने अपने संस्थान में कार्यरत कर्मचारियों की जानकारी निर्धारित विधिक प्रारूप में पुलिस को प्रस्तुत नहीं की थी। संचालक का यह कृत्य पुलिस कमिश्नर इंदौर द्वारा जारी धारा 163 बीएनएसएस के प्रतिबंधात्मक आदेशों का स्पष्ट उल्लंघन पाया गया। कनाड़िया थाना



पुलिस ने आरोपी हेमंत गौर के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है।

घोड़ी ने मारी टक्कर, विरोध करने पर महिला को चाकू दिखाया

थाना पहुंचे और पुलिस को बताया माजरा, कराया धमकाने का प्रकरण दर्ज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

पंढरीनाथ थाना क्षेत्र के गणगौर घाट पर लापरवाही पूर्वक घोड़ी चलाकर टक्कर मारने और विरोध करने पर पति-पत्नी के साथ गाली-गलौज कर चाकू से धमकाने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने महिला को चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर घोड़ी चालक, मालिक और उनके साथियों सहित पांच आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, यह वारदात गणगौर घाट पर हुई। मामले की शिकायत जयंत पिता प्रवीण कुसुमाकर, निवासी ओम हाइट्स, पल्हर नगर द्वारा दर्ज कराई गई है। फरियादी जयंत ने पुलिस को बताया कि वे अपनी पत्नी काजल के साथ स्कूटर से जा रहे थे। इसी दौरान इकबाल नाम का व्यक्ति सफेद रंग की घोड़ी को लापरवाही से चलाकर लाया और उनके स्कूटर में टक्कर मार दी। घोड़ी के उछलने पर उसके पीछे के पैर की मार से जयंत स्कूटर सहित नीचे गिर पड़े, जिससे उनके बाएं हाथ और बाएं पैर में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने फरियादी को उठाया। तभी घोड़ी मालिक अमन राठौर, आकाश राठौर और उनके दो अन्य साथी मौके पर पहुंच गए। सभी आरोपियों ने मिलकर फरियादी के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। इतना ही नहीं, आरोपियों में से एक ने चाकू निकालकर जयंत की पत्नी काजल को धमकाते हुए कहा कि रोड पर गाड़ी सीधी चलाया करो, वरना जान से खत्म कर देंगे।

घर के सामने शोर मचाने से मना करने पर नुकीले हथियार से हमला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

एमआईजी थाना क्षेत्र के अंतर्गत पाटनीपुरा इलाके में घर के सामने हुड़दंग और चिल्लाने से मना करने पर बदमाशों ने खूनी खेल खेलते हुए मां-बेटे पर नुकीली चीज से हमला कर दिया। इस हिंसक झड़प में महिला का बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके सीने और हाथ पर चोटें आई हैं। पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर दो आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, यह वारदात दौलत पहलवान की चाल, पाटनीपुरा क्षेत्र में हुई। मामले की शिकायत किरण मेहरा पति सोनू मेहरा, निवासी दौलत पहलवान की चाल, पाटनीपुरा ने दर्ज कराई है। फरियादिया किरण मेहरा ने पुलिस को बताया कि आरोपी मोहित तिवारी उनके घर के सामने खड़े होकर तेज-तेज आवाज में चिल्ला रहा था। जब उन्होंने मोहित से कहा कि वह अपने घर जाए और उनके घर के सामने हंगामा न करे, तो आरोपी आगबबूला होकर गालियां देने लगा। शोरगुल सुनकर पीड़िता का बेटा रचित मेहरा भी वहां आ गया और उसने आरोपी को वहां से जाने के लिए कहा। बेटे द्वारा टोकने पर आरोपी मोहित तिवारी और अधिक उग्र हो गया तथा रचित को भी गालियां देने लगा। जब रचित ने गालियां देने से मना किया, तो आरोपी मोहित ने अपने साथी गोलू तिवारी निवासी दौलत पहलवान की चाल, पाटनीपुरा के साथ मिलकर हमला कर दिया। इस दौरान मोहित ने किसी नुकीली और धारदार चीज से रचित पर वार कर दिए, जिससे उसके दाहिने हाथ और सीने पर गंभीर घाव हो गए और अत्यधिक खून बहने लगा।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा, सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587।

RNI NO. MPHIN/2005/15582
cityblastindore@gmail.com